# श्रमसाधना

हम बनेंगे आपकी आवाज
स्कैन करें और चैनल से जुड़े

shramsadhnagwl@gmail.com — श्रम की शक्ति, राष्ट्र की प्रगति — www.shramsadhnanews.com

दैनिक सांध्यकालीन
RNI रजि. क्र. 50069/89

वर्ष : 38, अंक : 73 ग्वालियर, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026
विक्रम संवत् 2083 पृष्ठ 12, मूल्य 1 रुपया

डाक पंजीयन
L-2-13/समा.पत्र/पं. 40020181/22-23


### 14 अक्टूबर को मुख्यमंत्री उमरिया से जारी करेंगे 41वीं किस्त, 1.25 करोड़ महिलाओं के खातों में पहुंचेगी राशि

# मुख्यमंत्री कल देंगे लाडली बहनों को आर्थिक संबल

**भोपाल जीएनएस**

नवरात्र के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 अक्टूबर को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 41वीं किश्त जारी करेंगे। उमरिया जिले के मानपुर जनपद पंचायत अंतर्गत गुरुवाही गांव में आयोजित सम्मेलन में सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश की करीब 1.25 करोड़ पात्र महिलाओं के बैंक खातों में 1500-1500 रुपए अंतरित किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री 144 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी करेंगे।

**महिलाओं को आर्थिक संबल दे रही योजना :** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार करना और परिवार के निर्णयों में उनकी भागीदारी बढ़ाना है। योजना के तहत पात्र सामान्य लाभार्थियों को प्रतिमाह 1500 रुपए की सहायता दी जा रही है। वहीं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त करने वाली पंजीकृत पात्र महिलाओं को योजना के प्रावधानों के अनुसार प्रतिमाह 900 रुपए दिए जाते हैं। राशि आधार से जुड़े और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के लिए सक्रिय बैंक खातों में भेजी जाती है।



मुख्यमंत्री ने मंत्री चेतन्य काश्यप की दिवंगत माताजी को दी श्रद्धांजलि : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रतलाम में एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप की दिवंगत माताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

**अब तक 40 किस्तों का भुगतान :** योजना के तहत जून 2023 में पहली बार करीब 1.25 करोड़ महिलाओं को आर्थिक सहायता दी गई थी। सितंबर 2026 तक 40 किश्तों का भुगतान किया जा चुका है। अब 14 अक्टूबर को 41वीं किश्त जारी होगी। इसके अलावा अगस्त 2023, 2024, 2025 और 2026 में लाभार्थियों को चार बार 250-250 रुपए की विशेष सहायता भी दी गई। वित्तीय वर्ष 2026-27 में योजना के लिए 23,882.81 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है।

**136 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन :** गुरुवाही में आयोजित सम्मेलन में मुख्यमंत्री कुल 144.16 करोड़ रुपए की लागत के 136 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। इनमें 87.32 करोड़ रुपए के 68 कार्यों का लोकार्पण और 56.84 करोड़ रुपए के 68 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है।

बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 59.07 करोड़ रुपए की लागत के 18 कार्यों का लोकार्पण और 32.25 करोड़ रुपए के 46 कार्यों का भूमिपूजन होगा। वहीं, मानपुर विधानसभा क्षेत्र में 28.25 करोड़ रुपए के 50 कार्यों का लोकार्पण और 24.59 करोड़ रुपए के 22 कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा।

## अमित शाह से मिले विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर



**ग्वालियर जीएनएस।** मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से सौजन्य भेंट की। तोमर ने शाह से उनके आवास कृष्णा मेनन मार्ग पर मुलाकात की।

## होटल निवेश से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर : मुख्यमंत्री



**भोपाल जीएनएस**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को इंदौर में एक निजी होटल का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं के विस्तार और होटल परियोजनाओं में निवेश से रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ-2028 के मद्देनजर इंदौर का महत्व बढ़ेगा। आधुनिक होटल पर्यटकों, श्रद्धालुओं और व्यापारिक गतिविधियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी, विधायक रमेश मेंदोला, मधु वर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




## उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सपत्नीक किए मां शारदा के दर्शन

**भोपाल जीएनएस**

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मंगलवार सुबह मैहर स्थित मां शारदा मंदिर पहुंचकर सपत्नीक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी सहित जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे। मां शारदा मंदिर प्रबंध समिति ने उप मुख्यमंत्री का स्वागत किया। दर्शन के बाद शुक्ल ने मंदिर परिसर में चल रहे शारदीय नवरात्र मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और व्यवस्थाओं की सराहना की।

### जीवाजी विश्वविद्यालय में 'शोधदृष्टि' कार्यशाला, भारतीय ज्ञान परंपरा और शोध मार्गदर्शकों की भूमिका पर हुआ मंथन

# समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले विषयों पर शोध करें : डॉ. आलोक सिंह

**ग्वालियर जीएनएस।**

जीवाजी विश्वविद्यालय के गालव सभागार में स्टूडेंट्स ऑफ हॉलिस्टिक डेवलपमेंट ऑफ ह्यूमैनिटी फाउंडेशन और भारतीय ज्ञान परंपरा नोडल केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में 'भारतीय ज्ञान परंपरा में शोध मार्गदर्शकों की भूमिका' विषय पर अकादमिक कार्यशाला 'शोधदृष्टि' आयोजित की गई। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने की। कार्यशाला में शिक्षाविदों ने भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक शोध से जोड़ने और समाजोपयोगी विषयों पर अनुसंधान करने पर जोर दिया।मुख्य वक्ता डॉ. आलोक कुमार सिंह ने भारतीय ज्ञान परंपरा में ग्वालियर के ऐतिहासिक योगदान और चतुर्भुज मंदिर में शून्य के प्राचीन उल्लेख का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि शोधार्थियों को ऐसे विषय चुनने चाहिए, जिनसे समाज को लाभ मिले और आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए।

**ज्ञान के साथ चरित्र निर्माण भी जरूरी :** डॉ. अर्जुन आनंद ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में चरित्र और नैतिक मूल्यों का विशेष महत्व है। ज्ञान की सार्थकता व्यक्ति के आचरण में




दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने शोधार्थियों से भारतीय आदर्शों के अनुरूप समाजोपयोगी विषयों पर शोध करने का आह्वान किया।

कुलगुरु प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने कहा कि शोधार्थियों को पूर्वाग्रह से दूर रहकर तथ्यों और प्रमाणों के आधार पर निष्कर्ष निकालने चाहिए। शोध का उद्देश्य किसी के पक्ष या विपक्ष में निर्णय देना नहीं, बल्कि वास्तविक तथ्यों को सामने लाना और समाज कल्याण में योगदान देना होना चाहिए।

**भारतीय ज्ञान से उन्नत होगी शोध पद्धति :** द्वितीय सत्र में प्रो. अरविंद कुमार शर्मा ने भारतीय दृष्टिकोण से शोध पद्धति को उन्नत बनाने पर प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि प्राचीन भारतीय ग्रंथों में निहित ज्ञान और चिंतन आधुनिक शोध के लिए भी उपयोगी हैं। रोहित दुबे ने शोध विषय के चयन में उसकी उपयोगिता और प्रासंगिकता को महत्वपूर्ण बताया।

आईआईटीटीएम के निदेशक प्रो. प्रशांत कुमार गौतम ने गुणवत्तापूर्ण शोध में शोध मार्गदर्शकों की भूमिका को अहम बताया। आयोजन सचिव प्रो. शांतिदेव सिसोदिया ने कहा कि कार्यशाला में शोधार्थियों को विषय चयन से लेकर शोध प्रक्रिया तक उचित मार्गदर्शन देने और भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक शोध से जोड़ने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत अनुप्रिया के वक्तव्य से हुई। अंत में कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में डॉ. राजीव कुमार मिश्रा सहित विभिन्न शिक्षाविद् उपस्थित रहे।

# कहानी बदलाव की: मुद्रा योजना से मजबूत हुए अमन मित्तल के कदम; दोना-पत्तल निर्माण से दे रहे दर्जनों युवाओं को रोजगार

**शिवपुरी, जीएनएस।**

दृढ इच्छाशक्ति, निरंतर मेहनत और सरकारी योजनाओं का सही संबल मिल जाए तो छोटे स्तर पर शुरू किया गया व्यवसाय भी सफलता के ऊंचे शिखर छू सकता है। शिवपुरी के फिजिकल थाना क्षेत्र निवासी श्री अमन मित्तल की कहानी ऐसे ही कर्मठ और स्वावलंबी युवाओं के लिए एक प्रेरणा है, जिन्होंने सीमित संसाधनों से शुरुआत कर आज न केवल अपने व्यवसाय को विस्तार दिया है, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के द्वार खोले हैं।

श्री अमन मित्तल आज से लगभग 10 वर्ष पहले अपने व्यवसाय की शुरुआत की थी। शुरुआत में उन्होंने मात्र एक मशीन के जरिए दोना-पत्तल निर्माण का कार्य शुरू किया था। शुरुआती दौर में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उनकी निरंतर मेहनत और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के कारण उनका कार्य धीरे-धीरे आगे बढ़ने लगा।

**प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से मिला वित्तीय संबल**



अपने व्यवसाय को और अधिक व्यापक रूप से विस्तारित करने के लिए अमन मित्तल को केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 3 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ, जिसे बाद में उद्यमी योजना के अंतर्गत समायोजित किया गया। इस वित्तीय मदद से उन्हें अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने में बड़ी सहायता मिली। आज वे अपने इस संयंत्र में 11 आधुनिक मशीनों के माध्यम से बड़े पैमाने पर कार्य कर रहे हैं।

**12 से 15 स्थानीय लोगों को मिल रहा है रोजगार**

एक मशीन से शुरू हुआ सफर आज एक लघु उद्योग का रूप ले चुका है। श्री अमन मित्तल के इस उद्यम में वर्तमान में लगभग 12 से 15 स्थानीय लोग कार्यरत हैं, जिनमें युवा और महिलाएं दोनों शामिल हैं। ये सभी कर्मचारी मशीनों के संचालन के साथ-साथ पैकेजिंग जैसे कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जिससे उनके परिवारों को भी आर्थिक संबल मिल रहा है।

**प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का जताया आभार**

अपनी इस व्यावसायिक यात्रा और सफलता का श्रेय केंद्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को देते हुए अमन मित्तल कहते हैं कि शासकीय योजनाओं के सहयोग से ही आज उनका व्यवसाय इस मुकाम पर पहुंच सका है। उन्होंने महिलाओं और युवाओं के सर्वांगीण विकास एवं स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही इन योजनाओं के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा जिला प्रशासन का सहृदय आभार व्यक्त किया है।

## एमएलसी चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण



**फिरोजाबाद, जीएनएस।**

आगरा खंड स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक चुनाव को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पीठासीन अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम संतोष कुमार शर्मा ने अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव कराने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएं। चुनाव प्रक्रिया को त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के लिए आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारियों और मतदान कार्मिकों को मतदाता की पहचान करने, मतपत्रों का सही इस्तेमाल करने, मतपेटी तैयार करने और उसे सील करने की प्रक्रिया समझाई गई। मतदान की गोपनीयता बनाए रखने के साथ ही निर्वाचन से जुड़े नियमों और प्रक्रियाओं की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## हजरत ख्वाजा खानून साहब के उर्स मेले में मुशायरा सम्पन्न




परम संत हजरत ख्वाजा खानून साहब के 508 वें उर्स मेले में गत दिवस अखिल भारतीय मनकवती तरही मुशायरा परम्परागत शान से सम्पन्न हुआ। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित मशहूर शायर जनाब क़ाज़ी तनवीर साहब की सदारत में आयोजित हुये मुशायरे में बरिष्ट पत्रकार और जाने माने शायर,लेखक जनाब राकेश अचल जी मेहमाने खुसूसी थे। दरगाह के सज्जादानशीन हजरत ख्वाजा राशिद खानूनी साहब की सरपरस्ती में आयोजित मुशायरे में ÷ मिसरा ए तरह ÷ क्या से क्या हो गया निस्बत का सहारा पाकर ÷ मिसरे पर शायर साहेबान ने ख्वाजा खानून साहब की शान में अपनी मनकबती शायरी पेश की सज्जादानशीन साहब की दुआ के साथ शुरू हुये मुशायरे में जनाब दरवेश ग्वालियरी, फारुख वेग मुग़ल,राम लाल साहू वेकस, शेख मुईन, सूफी नौशाद इदरीसी नौशाद, डॉ पुष्पराज जैन मासूम, यासीन मंसूरी, जितेन्द्र सोनी, डॉ अजीत जैन, धर्मपाल मधुकर,श्रीमती मनोरमा जैन, ख्वाजा साकिब खानूनी, मौहतरिमा अलका जैन÷शरर÷ ने ख्वाजा साहब के प्रति अपनी अकीदत की शब्दांजलि पेश की। मुशायरे का शानदार संचालन जाने माने शायर जनाब अमित चितवन साहब ने किया।नायब सज्जादानशीन डॉ ऐजाज़ खानूनी ने पुष्पहार,चादर, उपहार और तबर्रुक भेंट कर शायर साहेबान का इस्तकबाल किया। उर्स संयोजक श्री राम बाबू कटारे ने आभार जताया। हजरत ख्वाजा खानून साहब के उर्स में आज ÷ गद्दी की मेहफिल।

### गाँव-गाँव नि:शुल्क रजिस्ट्री की प्रक्रिया आगे बढ़ी

## जिले में स्वामित्व अधिकार निष्पादन अभिलेख व पंजीयन अभियान ने गति पकड़ी

**ग्वालियर, जीएनएस।**

ग्वालियर जिले में भी स्वामित्व अधिकार निष्पादन अभिलेख व पंजीयन अभियान ने गति पकड़ ली है। जिले के विभिन्न ग्रामों में राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप लक्षित भूमि स्वामियों के अधिकार अभिलेखों का निःशुल्क पंजीयन (रजिस्ट्री) करने का काम किया जा रहा है। सोमवार को ग्राम सुसैरा, बनवार, चीनौर, सिगौरा, सोनी, मिलावली, लखनपुरा, बहांगीखुर्द व मकोड़ा सहित जिले के विभिन्न ग्रामों में राजस्व विभाग के मैदानी अधिकारी-कर्मचारी, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक सहित अन्य संबंधित विभागों के शासकीय सेवकों ने पहुँचकर स्वामित्व अधिकार के तहत निःशुल्क रजिस्ट्री करने के कार्य को आगे बढ़ाया। भू-अभिलेखों की निःशुल्क रजिस्ट्री से गाँवों में सकारात्मक माहौल देखने को मिल रहा है।



स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन में पंचायत स्तर पर पटवारी निष्पादन अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। पंजीयन अधिकारी की जिम्मेदारी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक इत्यादि अधिकारियों को सौंपी गई है।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देशित किया है कि स्वामित्व अधिकार निष्पादन अभिलेख व पंजीयन के लिये अपने-अपने क्षेत्र में 7 ङ्क 7 दिन का कार्यक्रम तैयार कर अभियान को पूरी गति के साथ संचालित करें। अभियान में सभी राजस्व अधिकारी पूरी लगन और मेहनत के साथ लक्ष्य अनुरूप कार्य को अंजाम दें।

## ए.एम.आई. शिशु मन्दिर का 81वाँ स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न

**ग्वालियर, जीएनएस।**

ए.एम.आई. शिशु मन्दिर विद्यालय में 81वाँ स्थापना दिवस विकसित समारोह मनाया गया इस वर्ष के स्थापना दिवस की थीम थी% सपनों की उड़ान भारत 2047% कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11ः00 बजे मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के आगमन से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात चिकित्सक स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योति बिन्दल एवं विशिष्ट अतिथि विद्यालय के पूर्व छात्र एवं विजयाराजे एक्सीलेंस अवार्ड विजेता श्री शंकर लाहा थे। कार्यकम में अन्य माननीयगण उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम, अतिथिगण ने विद्यालय के चारों सदनों के द्वारा लगाए गए% बुलेटिन बोर्ड% का अवलोकन किया। सभी सदनों को अलग अलग विषय दिया गया था माधव हाउस %इण्डो पेसिफिक औपुरचुनिटी एण्ड चैलेन्जेस वस्पेस एक्सप्लोरेशन% माधवी हाउस %क्लाईमेट चेन्ज एण्ड जियोपॉलिटिक्स बिल्डिंग ए सस्टेन्बल फयूचर एण्ड कम्प्यूटेशनल थिंकिंग ; ज्योतिरादित्य हाउस ब्रिक्स, जी-20 एण्ड इन्डियाज ग्लोबल लीडरशिप व स्टार्टअपस एण्ड इनोवेशन एवं प्रियदर्शिनी हाउस % इन्डियाज रोल इन ए मल्टीपोलर बर्ल्ड एण्ड डिजाइन थिंकिंग% इसके पश्चात् वे



आर्ट एवं क्राफ्ट गैलरी का अनावरण करेंगें। आर्ट एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी में जूट आर्ट, सिरेमिक, टेक्सचर आर्ट, कैनवास, फोक आर्ट पेन्टिंग जूट रनर लैम्प शेड्स, फलॉवर वास स्ट्रेट सिल्वर फॉइल आर्ट एवं विभिन्न प्रकार के फाउन्टेन, ट्री-बार्क की पेन्टिंग, लिप्पन आर्ट शामिल रहे है। बच्चों ने बहुत ही मनमोहक गणेश जी मोर, एवं सुन्दर टी-कॉस्टर मैट्स एवं बहुत से वॉल हैंगिंग का प्रदर्शन किया। रोबोटिक्स के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल्स का प्रदर्शन भी किया गया। इसमें नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हुए कुल 12 प्रोजेक्ट्स बनाए थे, जैसे स्मार्ट सोसायटी, स्मार्ट अलार्म, फायर अलार्म, ऑटोमेटिक डोर लाईट, ऑटोमेटेड ट्रैफिक डिटेक्सन सिस्टम । आधुनिकटम तकनीकी उपकरणों को प्रयोग किया गया है- आई आर सेन्सर, फ्लेम सेन्सर, सरखो मोटर सनपैक सीट्स, एड.ई.डी लाईट्स, आरडिनो व ई.एस.पी 32% जो कि एडवास्ड पद्धति है।

रोबोटिक्स प्रदर्शनी के बाद अतिथिगण पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए, जिसमें कक्षा दसवीं बारहवीं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने बाले बच्चों को सम्मानित किया गया। साथ ही विषयवार सर्वोच्च अंक प्राप्त विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। मैत्री वर्मा को 12वीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर प्रेसीडेंट आवार्ड एवं श्लोक सिंह राजावत को 10वीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर वाइस प्रेसीडेंट आवार्ड दिया गया। विद्यालय की छात्रा मनस्वी शुक्ला को 70वीं स्टेट लेवल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रजत पदक मिलने पर सम्मानित किया गया। बेस्ट अचीवर का पुरस्कार युवराज सिंह कौरव, बेस्ट स्पोर्ट्स पर्सन अर्पित बरिया (जूनियर) गर्ल सीनीयर गरिमा गौर सीनीयर बॉय वैभव सिंह गुर्जर को मिला।

विद्यालय के पूर्व छात्र छात्राओं जिन्होने अपने-अपने क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता अर्जित की है, (अल्यूमिनई) को भी अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

माधव मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता टीम प्रियदर्शिनी हाउस को शील्ड प्रदान की गई। बेस्ट हाउस की 2025-26 की शील्ड- प्रियदर्शिनी हाउस को दी गई एवं बेस्ट एक्जीबिशन स्पार्क अवार्ड माधवी हाउस को मिला

इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक पत्रिका ए.एम.आई क्रोनिकल्स सपनो की उड़ान का भी विमोचन किया गया। इस वर्ष विजयाराजे एक्सीलेन्स अवार्ड पूर्व छात्र एवं रोटेरियन श्री शंकर लाहा को दिया गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती निहारिका कुलश्रेष्ठ ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की एवं मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने सभी को सम्बोधित किया। मुख्य अतिथि डॉ. ज्याति बिन्दल ने अपने उद्बोदन में कहा कि शिक्षक ही सभ्य समाज की नींव होते है और इस प्रदर्शनी में शिक्षकों द्वारा दी गई सीख बच्चों के आत्मविश्वास के द्वारा नजर आ रही है। ए.एम.आई. सदैव ही अपने बच्चों में आत्म विश्वास की उत्कृष्ट भावना शिक्षा के सही समन्वय से जाग्रत करता रहा है।

# सफलता की कहानीः प्रधानमंत्री आवास योजना से साकार हुआ काजल आदिवासी का पक्के मकान का सपना

**कच्चे मकान की परेशानियों से मिली मुक्ति, अब पक्के घर में खुशहाल जीवन बिता रहा काजल का परिवार**

**ग्वालियर, जीएनएस।**

कच्चे मकान में अपना जीवन यापन करने वाले काजल आदिवासी हमेशा सोचते थे कि उनका भी कभी पक्का मकान हो और वह भी साफ-सुथरे और सुरक्षित मकान में अपना जीवन यापन कर सके। आर्थिक मजबूरी के कारण पक्के मकान का सपना सपने जैसा ही लगता था। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना ने काजल के सपने को साकार कर दिखाया है। जिले की जनपद पंचायत डबरा के ग्राम धई निवासी काजल आदिवासी अब प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से अपने पक्के मकान में रह रहे हैं। परिवार के साथ सुरक्षित जीवन यापन करने का अवसर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना ने प्रदान किया है।



काजल आदिवासी का कहना है कि कच्चे मकान में रहने से उसे और उसके परिवार को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। सर्दी, गर्मी और बरसात में कच्चे मकान में अनेक समस्यायें प्रतिदिन सामने आती थीं। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जबसे पक्का मकान मिला है तब से समस्यायें जैसे समाप्त ही हो गई हैं। अब मैं और मेरा परिवार साफ-सुथरे हवादार मकान में सुरक्षित जीवन यापन कर रहा है। काजल आदिवासी बताते हैं कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना जरूरतमंदों के लिये जब से लागू की गई है तब से मेरे जैसे हजारों परिवारों को पक्का मकान मिला है। आवास के साथ-साथ जनपद पंचायत के माध्यम से उसे अन्य योजनाओं का लाभ भी उपलब्ध कराया गया है। शासन की योजनाओं के माध्यम से काजल आदिवासी का जीवन खुशहाली के साथ व्यतीत हो रहा है।

## स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने जी आई आई टी कैंपस में होगा 'स्वच्छता संवाद' कार्यक्रम

**निगम आयुक्त अभिषेक चौधरी के निर्देशन में आम नागरिकों एवं विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की पहल**

**ग्वालियर, जीएनएस।**

शहर में स्वच्छता के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने तथा स्वच्छता को जनभागीदारी से जोड़ने के उद्देश्य से नगर निगम ग्वालियर द्वारा निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक चौधरी के निर्देशन में सोमवार, 12 अक्टूबर को ग्वालियर इंस्टिट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (तद्धद्धञ्ज) कैंपस में 'स्वच्छता संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों एवं विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराना तथा शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। संवाद के माध्यम से स्वच्छता संबंधी अच्छी आदतों को दैनिक जीवन में अपनाने, कचरे को निर्धारित स्थान पर डालने, गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने तथा सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा।

नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान को प्रभावी बनाने के लिए नागरिकों की सहभागिता को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। आमजन के सहयोग और व्यवहार में सकारात्मक बदलाव से ही शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सकता है।

इसी भावना के साथ स्वच्छता संवाद कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और उन्हें इस अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। नगर निगम ग्वालियर का प्रयास है कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाकर नागरिकों के सहयोग से स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर ग्वालियर के संकल्प को साकार किया जाए।

'स्वच्छता संवाद' कार्यक्रम सोमवार, 12 अक्टूबर को दोपहर 1ः50 बजे से 2ः30 बजे तक ग्वालियर इंस्टिट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (GIIT) कैंपस में आयोजित होगा।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना अंतर्गत 20 नवम्बर को होगा निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन

**ग्वालियर, जीएनएस।**

नगर निगम ग्वालियर द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजनान्तर्गत दिनांक 20 नवम्बर 2026 शुक्रवार को निःशुल्क सामूहिक विवाह एवं निकाह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके आवेदन 5 नवम्बर 2026 तक जमा किए जा सकेंगे।

उपायुक्त जनकल्याण श्री उत्तम जखेनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजनान्तर्गत दिनांक 20 नवम्बर 2026 शुक्रवार को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उक्त सम्मेलन में निम्न दस्तावेज के साथ गरीब कन्याओं की शादी हेतु कन्या का पंजीयन करा सकते है एवं अपने निकटस्थ क्षेत्रीय कार्यालय, जनमित्र केन्द्र, नगर निगम ग्वालियर में आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर योजना में पंजीयन कर सकते हैं। अतः आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर योजनान्तर्गत लाभ राशि रूपये 49,000 प्रति कन्या लाभ उठावें। योजनान्तर्गत पंजीयन हेतु सिटी सेन्टर स्थित नगर निगम मुख्यालय ग्वालियर के कक्ष क्रमांक 06 (जनकल्याण विभाग) में भी आवेदन करने की व्यवस्था की गई है।

सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह कराने पर यह दस्तावेज लगेंगें। जिसमें वर एवं कन्या के 03 फोटो, वर एवं कन्या के आधार कार्ड की छायाप्रति, गरीबी रेखा राशन कार्ड की छायाप्रति, कन्या का बैंक खाता की छायाप्रति, कन्या का मूल निवासी प्रमाण-पत्र, वर एवं कन्या का समग्र परिवार आई डी. (ई-के वाय.सी. सहित), जन्मतिथि संबंधी दस्तावेज (10वी कक्षा की अंक सूची या मेडिकल प्रमाण पत्र), वर एवं कन्या के वोटर कार्ड या पैन कार्ड की छायाप्रति। साथ ही कन्या म.प्र. की मूल निवासी हो, कन्या की न्यूनतम उम्र 18 तथा वर की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष हो तभी आवेदन मान्य किए जाएगें। अधिक जानकारी के लिए नोडल अधिकारी श्री प्रशांत बरैया मो 7000090982 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## नवरात्र के प्रथम दिन अखंड जाप एवं गायत्री यज्ञ संपन्न

**ग्वालियर, जीएनएस।**

गायत्री शक्तिपीठ तानसेन रोड एवं गायत्री जागृति केंद्र सुभाष नगर हजीरा पर देव स्थापना के साथ पंच कुंडी गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ विश्व कल्याण एवं राष्ट्र उत्थान के लिए गायत्री मंत्र महामृत्युंजय मंत्र सूर्य मंत्र एवं दुर्गा मंत्र की आहुतियां दी गई सुबह 6ः00 बजे से शाम 6ः00 बजे तक अखंड जाप भी संपन्न हुआ गायत्री जागृति केंद्र पर यज्ञ का संचालन देव कन्याओं द्वारा किया गया। गायत्री शक्तिपीठ एवं गायत्री जागृति केंद्र के सहायक मुख्य प्रबंध ट्रस्टी भक्त दर्शन बरोलिया एवं गायत्री शक्तिपीठ की व्यवस्थापक कमलेश गुप्ता ने बताया कि दोनों केंद्रों पर कार्यक्रम प्रतिदिन संपन्न होगा आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आर ऐन राठौड़ मुनेंद्र तोमर अनूप तोमर शंकर सिंह नरेंद्र सिंह जय नारायण सूर्यवंशी मुन्नी तोमर सुमित्रा तोमर सहित 150 अन्य परिजन उपस्थित थे।

## चाय विद हेल्प गुरुः संवाद, सुझाव और समाधान का संगम।

रविवार 11 अक्टूबर 2026 को वेदांश कंप्यूटर एजुकेशन तानसेन रोड ग्वालियर पर चाय पर चर्चा चाय विथ हेल्प गुरु का आयोजन किया गया। मंगलवार 13 अक्टूबर 2026 को होने जा रहे ग्वालियर चंबल संभाग के प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारी को लेकर यह चाय की चर्चा आयोजित की गई। मंगलवार 13 अक्टूबर 2026 को वेदांश कंप्यूटर एजुकेशन तानसेन रोड ग्वालियर के 12वे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ग्वालियर चंबल संभाग प्रतिभा सम्मान समारोह में इस बार ग्वालियर चंबल संभाग की 500 प्रतिभाओं (हुनरबाजों) को सम्मानित किया जा रहा है जिसमें अलग-अलग क्षेत्र के ग्वालियर चंबल संभाग के हुनरबाजों को मेडल सर्टिफिकेट ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया जाएगा।। बड़ी संख्या में नॉमिनेशन प्राप्त हो रहे हैं जिसमें कला, चित्रकला, खेल सहित विभिन्न प्रकार की कलाओं के हुनरबाजों ने अपना नॉमिनेशन कराया है।। आज चाय की चर्चा में इसी विषय पर विस्तृत चर्चा हुई ।

## महाराजा श्री अग्रसेन जयन्ती महोत्सव-घसे 2026 'कैरम् एवं शतरंज प्रतियोगिता'

महाराजा भी अग्रसेन जी की 5150 वी जयन्ती के तहत सुबह 10 वजे अग्रसेन भवन अग्रवाल धर्मशाला जाट मोहल्ला में ÷कैरम एक शतरंज प्रतियोगि का आयोजन श्री अग्रसेन जनकल्याण समिति गुना द्वारा किया गया। जिल अग्रसेन जन कल्याण समिति के अध्यक्ष महेश अग्रवाल (केंट) सचिव नीरज अग्रेस ,कोषाध्यक्ष संतोष तायल, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र अग्रवाल (बाबा टी) सह सचिव संजय बंसल, नवयुवक दल के अनिल बिंदल (महू) एवं समस्त कार्यकारिणी उपस्थि रहे समस्त कार्यकारिणी ने महाराजा श्री अग्रसेन जी के चित्र पर माला पहना कर दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता को प्रारंभ किया।

इस कार्यक्रम के संयोजक राजेश सिंगल, संजय मंगल, अमित गर्ग अशोक गुप्ता (रेलवे) व नितिन प्रेमी (चिंटू) ने कैरम शतरंज की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता जूनियर एच बालक बालिकाओं, एवं सीनियर ग्रुप महिला एवं पुरुष दोनो के लिए थी। इस प्रतियोगिता में लगभग 120 प्रतिभागियो ने हिस्सा लिया। सभी ने यह प्रतियोगिता खेल भावना से मनोरंजन करते हुए समन्वय से खेली। सभी को वहुत ही आनन्द आया । इसी क्रम में शाम 7 बजे नारायणा गार्डन में जूनियर युवा ग्रुप द्वारा फैंसी ड्रेस एवं एकल डॉस की प्रोग्राम किया गया। जिसमे जूनियर गुना गुप अध्यक्ष राहुल मित्तल, सचिव सौरभ अग्रवाल कोषाध्यक्ष रोहित मित्तल उपाध्यक्ष नीतेश मंगल एवं समस्त कार्यकारिणी उपस्थित रही। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल जी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष प्रदीप जी मितल सचिव इंजीनियर अनिल अग्रवाल कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल उपाध्यक्ष जगमोहन बंसल, मनोज बिंदल, विनोद गोयल, महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती नीलम निदल सचिव श्रीमती स्वाति अग्रवाल ने महाराजा श्री अग्रसेन जी के चित्र पर माला पहनाकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम के संयोजक मोहित मित्तल, प्रिंस आग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल ने प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। यह फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता जूनियर वर्ग ये एवं सीनियर वर्ग के लिए थी।

भिण्ड-गोरमी
के
समाचार
विज्ञापन
के लिए सम्पर्क करें
महेश चौधरी
98267-36233



निष्पक्षता-विश्वसनीयता एवं जनहित का संवाहक
श्रमसाधना

## संपादकीय

### विकास का पैमाना सिर्फ पैसा नहीं, लोगों की खुशी भी हो

पश्चिम बंगाल के जयगांव से भूटान में प्रवेश करते ही माहौल बदल जाता है। भारत की ओर बाजारों का शोर, भीड़ और भागदौड़ है, तो सीमा पार करते ही साफ-सुथरी सड़कें, व्यवस्थित जीवन और सुकून का अहसास होता है। पर्वतों की गोद में बसा भूटान अपनी अलग जीवनशैली और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता से ध्यान खींचता है।

थिम्फू की ओर बढ़ते हुए पेड़ों से ढके पहाड़ प्रकृति के महत्व का एहसास कराते हैं। भूटान में पर्यावरण संरक्षण को गंभीरता से लिया जाता है। करीब पांच दशक पहले वहां के शासक ने विकास को केवल धन-दौलत और आर्थिक वृद्धि तक सीमित न रखने का विचार सामने रखा। उनका मानना था कि यदि आर्थिक प्रगति के लिए प्रदूषण फैलाना पड़े और नदियों को दूषित करना पड़े, तो ऐसा विकास अधूरा है।

इसी सोच से 'ग्रॉस डोमेस्टिक हैप्पीनेस' यानी सकल राष्ट्रीय खुशी की अवधारणा को बढ़ावा मिला। इसके अनुसार किसी देश की प्रगति का आकलन केवल सकल घरेलू उत्पाद से नहीं, बल्कि लोगों के जीवन की गुणवत्ता और संतुष्टि से भी होना चाहिए। यह विचार दुनिया में चर्चा का विषय बना, लेकिन इसे अपनाना आसान नहीं है, क्योंकि हर समाज में खुशी का अर्थ अलग-अलग हो सकता है।

भूटान में राष्ट्रीय पोशाक पहनने और भवन निर्माण की शैली से जुड़े नियम जीवन में एकरूपता लाने का प्रयास करते हैं। वहां के राजा का रहन-सहन भी आम लोगों के जीवन से बहुत अलग नहीं बताया जाता। यह व्यवस्था सामाजिक समानता और सादगी का संदेश देती है। इसके विपरीत, भारत में एक ओर ऊंची इमारतें हैं, तो दूसरी ओर झुग्गियों में रहने वाले लोग भी हैं। विकास के साथ असमानता का यह अंतर कई सवाल खड़े करता है।

लेखिका के अनुसार, भूटान में अनुशासन और नियमों के पालन का महत्व स्पष्ट दिखाई देता है। भारत में अक्सर यातायात से लेकर सार्वजनिक व्यवस्था तक नियमों की अनदेखी होती है। असहमति लोकतंत्र का जरूरी हिस्सा है, लेकिन जब मतभेदों में जनहित के बजाय निजी स्वार्थ हावी हो जाता है, तो उसका नुकसान आम जनता को उठाना पड़ता है।

हालांकि, भूटान को पूरी तरह आदर्श मान लेना भी उचित नहीं होगा। वहां के युवाओं में भी बाहरी दुनिया की चकाचौंध के प्रति आकर्षण है। लेखिका को बातचीत के दौरान कुछ युवाओं में असंतोष दिखाई दिया, जबकि अनेक लोगों में अपनी जिंदगी के प्रति संतुष्टि भी नजर आई।

भूटान का अनुभव यह सोचने का अवसर देता है कि क्या विकास का उद्देश्य केवल अधिक कमाई और भौतिक सुविधाएं जुटाना होना चाहिए? स्वच्छ पर्यावरण, सामाजिक समानता, अनुशासन और संतोष भी जीवन की गुणवत्ता के महत्वपूर्ण आधार हैं।

भारत की विविधता, ऊर्जा और खुलेपन की अपनी विशेषताएं हैं। जरूरत इस बात की है कि हम विकास की दौड़ में प्रकृति, सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय संतुष्टि को पीछे न छोड़ें। किसी देश की असली समृद्धि केवल उसकी आर्थिक ताकत से नहीं, बल्कि इस बात से भी आंकी जानी चाहिए कि उसके नागरिक कितने स्वस्थ, संतुष्ट और सुरक्षित जीवन जी रहे हैं।

प्रान्तीय कार्यालय : 76 शबरी कॉम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन-2 भोपाल, फोन : 0755-2579530
प्रान्तीय ब्यूरो प्रमुख : एल.एन. तवर, 9827781209
प्रान्तीय ब्यूरो : डॉ. जानकी अहिरवार 9406580345
Email:shramsadhnagwl@gmail.com

### मुखौटे : झूठी अच्छाई, सच्ची बुराई

# चेहरे तो सबके पास बहुत हैं, बस एक रावण ही था जिसने छिपाए नहीं

हेमेन्द्र क्षीरसागर, पत्रकार, लेखक व स्तंभकार

रामायण का रावण युगों से अधर्म, अहंकार और बुराई के प्रतीक के रूप में देखा जाता रहा है। विजयादशमी की शाम रावण के पुतले का दहन कर समाज यह संदेश देता है कि अंततः सत्य की विजय होती है और असत्य का विनाश। लेकिन रावण के दस सिरों के प्रतीकात्मक अर्थ पर विचार करें और इन पंक्तियों को समझें—÷चेहरे तो सबके पास बहुत हैं, बस एक रावण ही था जिसने छिपाए नहीं÷—तो यह आधुनिक सभ्यता के सामने एक गंभीर सवाल खड़ा करती हैं। हर वर्ष दशहरे पर रावण का दहन कर हम सत्य की विजय का उत्सव मनाते हैं, लेकिन क्या अपने भीतर छिपे छल, कपट और पाखंड को भी जला पाते हैं?

यह विचार रावण के दुष्कर्मों का महिमामंडन नहीं करता, बल्कि आज के समाज में व्याप्त पाखंड और छद्म आचरण का विश्लेषण करता है। रावण के दस सिर उसकी अनेक मनोवृत्तियों और विचारों के प्रतीक माने जा सकते हैं। वह अहंकारी था, विद्वान था, महाज्ञानी था और क्रूर भी। उसके व्यक्तित्व के ये सभी पहलू सामने थे। उसने अच्छाई का आवरण ओढ़कर समाज को धोखा देने का प्रयास नहीं किया। उसका अधर्म भी स्पष्ट था और उसकी शत्रुता भी खुली थी।

इसके विपरीत, आज का मनुष्य कई चेहरों के साथ जीता दिखाई देता है। बाहर से सौम्य, आत्मीय और सदाचारी दिखने वाला व्यक्ति भीतर से ईर्ष्या, स्वार्थ और छल-कपट से भरा हो सकता है। हम सामने मित्रता निभाने का दिखावा करते हैं, लेकिन पीठ पीछे



एक-दूसरे को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं। सार्वजनिक मंचों पर नैतिकता और आदर्शों की बातें करते हैं, जबकि निजी जीवन में उन्हीं मूल्यों की अनदेखी कर देते हैं। यही दोहरा चरित्र समाज में विश्वास को कमजोर करता है।

आज सबसे बड़ा खतरा उस बुराई से नहीं है, जो खुलकर सामने आती है, क्योंकि उसके प्रति सावधान रहना अपेक्षाकृत आसान होता है। असली चुनौती उस बुराई को पहचानने की है, जो धर्म, सदाचार, सहानुभूति और परोपकार का मुखौटा पहनकर सामने आती है। जब स्वार्थ को सेवा, छल को चतुराई और दिखावे को सदाचार का नाम दे दिया जाता है, तब सही और गलत के बीच अंतर करना कठिन हो जाता है।

यह उक्ति हमें दूसरों के चरित्र पर सवाल उठाने से पहले अपने भीतर झांकने का अवसर देती है। हमें विचार करना चाहिए कि क्या हम जो कहते हैं, वही करते भी हैं? क्या हमारे सार्वजनिक व्यवहार और निजी आचरण में समानता है? क्या हम अपनी गलतियों को स्वीकार करने का साहस रखते हैं, या उन्हें छिपाने के लिए अच्छाई का आवरण ओढ़ लेते हैं?

यदि हम बेहतर और पारदर्शी समाज का निर्माण करना चाहते हैं, तो दोहरे चरित्र की प्रवृत्ति छोड़नी होगी। अच्छाई का अर्थ केवल अच्छा दिखाई देना नहीं, बल्कि अपने विचारों, शब्दों और कर्मों में ईमानदार होना है। अपनी कमियों को स्वीकार करना और उन्हें सुधारने का प्रयास करना ही वास्तविक नैतिकता है।

दशहरे पर रावण का पुतला जलाना एक परंपरा है, लेकिन उसके प्रतीकात्मक संदेश को जीवन में उतारना हमारी जिम्मेदारी है। बुराई के पुतले के साथ यदि हम अपने भीतर के अहंकार, ईर्ष्या, स्वार्थ और पाखंड को भी समाप्त करने का संकल्प लें, तभी यह पर्व सार्थक होगा। झूठी अच्छाई के सौ मुखौटे पहनने से कहीं बेहतर है कि मनुष्य अपने वास्तविक रूप को पहचाने, अपनी कमियों को स्वीकार करे और सच्चाई के रास्ते पर चलने का प्रयास करे।

क्योंकि समाज को सबसे अधिक जरूरत अच्छे दिखने वाले चेहरों की नहीं, बल्कि अच्छे आचरण वाले इंसानों की है।

# महिलाओं की मेहनत को मिले सम्मान वेतन से परे उनके योगदान की पहचान

डॉ. विजय गर्ग

महिलाएँ परिवारों, समुदायों और अर्थव्यवस्था में अनगिनत तरीकों से योगदान देती हैं। वे कार्यालयों, स्कूलों, अस्पतालों, कारखानों, खेतों और व्यावसायिक संस्थानों में काम करती हैं। इसके साथ ही वे खाना बनाती हैं, बच्चों का पालन-पोषण करती हैं, बुजुर्गों की देखभाल करती हैं, घर संभालती हैं और परिवार के सदस्यों को भावनात्मक सहारा देती हैं। फिर भी, उनके योगदान का एक बड़ा हिस्सा अक्सर अनदेखा, उपेक्षित या कम महत्वपूर्ण समझा जाता है। असली चुनौती केवल महिलाओं को काम करने के अवसर देना नहीं, बल्कि उनकी मेहनत को उचित सम्मान और पहचान दिलाना है।

सदियों से समाज में काम के महत्व को वेतन, पदोन्नति और आर्थिक लाभ के आधार पर मापा जाता रहा है। इस सीमित सोच के अनुसार, कार्यालय में काम करने वाली महिला को आर्थिक रूप से उत्पादक माना जाता है, जबकि पूरे दिन घर संभालने वाली महिला को कभी-कभी बेरोजगार कह दिया जाता है। यह सोच घरेलू कामकाज और देखभाल की उस महत्वपूर्ण भूमिका की अनदेखी करती है, जिसके सहारे परिवार चलते हैं और समाज के अन्य सदस्य रोजगार कर पाते हैं।

एक ऐसी महिला के बारे में सोचिए, जो सुबह जल्दी उठती है, खाना बनाती है, बच्चों को स्कूल भेजने के लिए तैयार करती है, बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करती है, घर के काम निपटाती है और फिर अपनी नौकरी पर जाती है। शाम को घर लौटने के बाद उसकी जिम्मेदारियाँ फिर शुरू हो जाती हैं। उसका कार्यदिवस अक्सर उन घंटों से कहीं अधिक लंबा होता है, जिनका हिसाब उसका नियोक्ता रखता है। इसी तरह, ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों महिलाएँ कृषि कार्यों में योगदान देती हैं। वे बीज बोती हैं, पौधों की रोपाई करती हैं, पशुओं के लिए चारा एकत्र करती हैं, पशुधन की देखभाल करती हैं, अनाज का भंडारण करती हैं और फसल की कटाई में भाग लेती हैं। उनकी मेहनत कृषि उत्पादन के लिए अत्यंत आवश्यक है, लेकिन इसका पूरा मूल्य हमेशा उनकी मजदूरी, भूमि के स्वामित्व या निर्णय लेने के अधिकारों में दिखाई नहीं देता।

बिना वेतन वाला काम बेकार या महत्वहीन काम नहीं होता। यही मेहनत परिवारों, बाजारों और संस्थानों के संचालन की नींव बनती है। महिलाओं के इस योगदान को पहचानना एक न्यायपूर्ण समाज के निर्माण की दिशा में पहला कदम है।

कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी प्रगति का एक महत्वपूर्ण संकेतक है, लेकिन केवल रोजगार मिल जाने से समानता सुनिश्चित नहीं होती। नौकरी करने के बावजूद महिलाओं को कम वेतन, पदोन्नति के सीमित अवसर, असुरक्षित कार्य परिस्थितियों और लैंगिक भेदभाव का सामना करना पड़ सकता है।

महिलाओं की मेहनत को वास्तविक महत्व देने के लिए समान मूल्य के काम के लिए समान वेतन, निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया, सुरक्षित कार्यस्थल और नेतृत्व के पदों तक पहुँच आवश्यक है। महिलाओं का मूल्यांकन उनकी योग्यता, शिक्षा, कार्यक्षमता और उपलब्धियों के आधार पर होना चाहिए, न कि लिंग से जुड़ी पुरानी धारणाओं या पारिवारिक जिम्मेदारियों के आधार पर।

रोजगार के अवसर केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रहने चाहिए। ग्रामीण महिलाओं को व्यावसायिक शिक्षा, डिजिटल साक्षरता, ऋण सुविधाओं, बाजारों और उद्यमिता के लिए सहायता उपलब्ध होनी चाहिए। प्रशिक्षण ऐसा होना चाहिए, जो महिलाओं को अपने ज्ञान और कौशल के माध्यम से स्थायी आजीविका अर्जित करने में सक्षम बनाए।

महिलाओं के व्यावसायिक विकास में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक घरेलू जिम्मेदारियों का असमान वितरण है। जब पति-पत्नी दोनों कमाते हैं, तब भी खाना बनाने, सफाई करने, बच्चों की देखभाल करने और बुजुर्गों की सेवा करने का बड़ा हिस्सा अक्सर महिलाओं के जिम्मे ही रहता है।

यह दोहरा बोझ उनके आराम, व्यावसायिक विकास, सामाजिक भागीदारी और व्यक्तिगत आकांक्षाओं के लिए उपलब्ध समय को कम कर देता है। कई बार प्रतिभाशाली महिलाओं को नौकरी छोड़नी पड़ती है या अपनी योग्यता से कम अवसरों वाला काम स्वीकार करना पड़ता है।

इसका समाधान यह नहीं है कि महिलाओं से अपनी अनगिनत जिम्मेदारियों को और बेहतर ढंग से निभाने की अपेक्षा की जाए। परिवारों में घरेलू कामों का न्यायपूर्ण बँटवारा होना चाहिए। पुरुषों को बच्चों की परवरिश और घर के प्रबंधन में समान भागीदारी निभानी चाहिए।

# आगरा में जमीन विवाद ने पकड़ा तूल, एसडीएम के निर्देश पर जाँच, राजस्व टीम के सामने दस्तावेज प्रस्तुत करने का दावा

**महाराजजी को अपनी जमीन मंदिर के लिए दे दूँगा लेकिन इन बेईमान भूमाफियाओं को नहीं दूँगा- रामबाबू बंसल**

**आगरा, जीएनएस।**

फतेहाबाद रोड ,मौजा बसई मुस्तकिल, चुंगी अंदर क्षेत्र में खसरा संख्या 871, 872, 873, 874 एवं 875 , 876/2से संबंधित भूमि विवाद एक बार फिर चर्चा में है। भूमि पर अधिकार, राजस्व अभिलेखों और कथित अनधिकृत निर्माण को लेकर रामबाबू बंसल ने प्रशासन से निष्पक्ष जाँच और न्यायालयीय आदेशों के अनुपालन की माँग की है। राम बाबू बंसल के अनुसार, मामले की गंभीरता को देखते हुए उपजिलाधिकारी (एसडीएम) की ओर से जाँच के निर्देश दिए गए। जाँच के दौरान मौके पर पहुँची कानूनगो, लेखपाल एवं राजस्व विभाग की टीम के समक्ष उन्होंने अपनी भूमि से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किए।

रामबाबू बंसल का आरोप है कि मौके पर मौजूद पवन राठौर और सुधीर राठौर ने भूमि पर अपने अधिकार के समर्थन में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों की जाँच रिपोर्ट और आधिकारिक अभिलेखों से स्थिति स्पष्ट होना आवश्यक है। भूमि विवाद का निस्तारण राजस्व अभिलेखों, वैध स्वामित्व दस्तावेजों और सक्षम न्यायालय के आदेशों के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से माँग की कि विवादित भूमि की विधिवत पैमाइश और सीमांकन कराया जाए तथा सभी संबंधित पक्षों के दस्तावेजों की जाँच कर वास्तविक स्थिति सार्वजनिक की जाए।

**न्यायालय के निर्णय और लंबित कार्यवाही का हवाला**

रामबाबू बंसल ने नागरिक अपील संख्या 05/2026, नारायण दास ललवानी बनाम राम बाबू बंसल एवं अन्य में अपर जिला न्यायाधीश, न्यायालय संख्या 4, आगरा द्वारा 22 अप्रैल 2026 को पारित निर्णय का हवाला देते हुए कहा कि भूमि संबंधी विवाद में न्यायालयीय आदेशों का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित भूमि के कुछ दस्तावेजों को लेकर उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में कार्यवाही लंबित है। इसलिए सक्षम न्यायालय के आदेशों के अधीन रहते हुए विवादित भूमि की वर्तमान स्थिति में अनधिकृत परिवर्तन नहीं होना चाहिए।

**सरकारी भूमि और कथित शराब ठेके की जाँच की माँग**

मामले में खसरा संख्या 871, 872, 873 एवं 874 की भूमि की राजस्व अभिलेखों के आधार पर स्थिति स्पष्ट किए जाने की माँग भी उठाई गई है। राम बाबू बंसल का आरोप है कि यदि संबंधित भूमि सरकारी अथवा विकास प्राधिकरण की दर्ज भूमि है, तो उस पर हुए किसी भी निर्माण, कब्जे या व्यावसायिक गतिविधि की जाँच कराई जानी चाहिए।

उन्होंने पवन राठौर और सुधीर राठौर पर अपने कथित पद एवं स्थानीय प्रभाव का दुरुपयोग कर भूमि पर शराब का ठेका संचालित कराने अथवा खुलवाने का आरोप लगाया है। इस आरोप की स्वतंत्र पुष्टि संबंधित आबकारी विभाग, भूमि अभिलेखों, लाइसेंस और प्रशासनिक अनुमति के दस्तावेजों से की जानी आवश्यक है। प्रशासन से माँग की गई है कि भूमि के स्वामित्व, ठेके के लाइसेंस, निर्माण की अनुमति और संबंधित स्वीकृतियों की निष्पक्ष जाँच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

**अपने अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी लड़ाई जारी रखूँगा:** राम बाबू बंसल ने कहा, मैं अपनी जमीन के अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रहा हूँ। मेरी जमीन यदि जनहित में मंदिर जैसे धार्मिक एवं सामाजिक कार्य के लिए देनी पड़ी, तो मैं इसके लिए तैयार हूँ, लेकिन किसी के दबाव अथवा कथित अवैध कब्जे के सामने झुकने वाला नहीं हूँ। मेरा आग्रह है कि प्रशासन निष्पक्ष जाँच करे और कानून के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करे।

न्यायहित में उन्होंने जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त, आगरा से माँग की है कि विवादित भूमि का सीमांकन कराया जाए, सभी पक्षों के मूल दस्तावेजों का सत्यापन किया जाए, किसी भी अनधिकृत निर्माण पर नियमानुसार रोक लगाई जाए और परिवार की सुरक्षा संबंधी शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई की जाए। स्थानीय स्तर पर इस प्रकरण का अंतिम निष्कर्ष राजस्व जाँच, संबंधित विभागों के अभिलेखों तथा सक्षम न्यायालय के आदेशों के आधार पर ही स्पष्ट होना चाहिए।

## बिटिया दिवस पर 11 नवजात कन्याओं का किया पूजन : डॉ वंदना भूपेन्द्र प्रेमी



**ग्वालियर, जीएनएस।**

बेटी है तो कल है सामाजिक संस्था वार्ड 16 की उपाध्यक्ष राखी परमार ने बताया कि आज संस्था द्वारा शासकीय शिविल हॉस्पिटल में कन्यापूजन कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा महाराजा मानसिंह तोमर मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिंह तोमर, विशिष्ट अतिथि समाज सेवी प्रस्तावना गुप्ता एवं डी सी तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था संयोजक डॉ वंदना भूपेन्द्र प्रेमी ने की। इस अवसर पर योगेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि संस्था के कार्य सराहनीय है नवरात्रि के शुभ अवसर पर जन्मी सभी बेटियों को बहुत बहुत बधाई। वही संस्था संयोजक डॉ वंदना भूपेन्द्र प्रेमी ने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस है और साथ ही आज से शारदीय नवरात्रि पर्व का शुभारंभ के अवसर पर उपनगर ग्वालियर के बिरला नगर स्थित शासकीय शिविल हॉस्पिटल में आज जन्मी 11 नवजात कन्याओं का पूजन कर उनकी माताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर डी सी तिवारी, प्रस्तावना गुप्ता,राखी परमार, भावना राजपूत, रेखा सोनी, सचिन सिकरवार, शुभम चौहान, सहित हॉस्पिटल परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## वीआईपी के दौरान व्यापारियों और स्थानीय निवासियों को मिलेगी राहत, काशी व्यापार प्रतिनिधि मंडल (न्याय मंच) ने उठाई मांग

**वाराणसी, जीएनएस।**

काशी व्यापार प्रतिनिधि मंडल (न्याय मंच) ने वीआईपी आवागमन के दौरान व्यापारियों और स्थानीय निवासियों को होने वाली परेशानियों से निजात दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन से उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है इस संबंध में मंडल की ओर से थाना चौक कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया 7 ज्ञापन में बताया गया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर स्थित होने के कारण यहां वर्षभर वीआईपी एवं अति-विशिष्ट व्यक्तियों (वीआईपी) का आवागमन बना रहता है 7 इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के तहत मार्ग अवरुद्ध होने और बैरिकेडिंग लगाए जाने से क्षेत्र के स्थानीय व्यापारियों को अपनी दुकानों तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है वहीं स्थानीय निवासियों को भी अपने आवास तक आने-जाने में परेशानी होती है।

काशी व्यापार प्रतिनिधि मंडल (न्याय मंच) ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि वीआईपी आवागमन के दौरान व्यापारियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए 7 इसके लिए मंडल द्वारा निर्गत अधिकृत पहचान पत्र (आईडी कार्ड) प्रस्तुत करने वाले व्यापारियों को आवश्यकतानुसार आवागमन की अनुमति प्रदान की जाए, ताकि वे बिना अनावश्यक परेशानी के अपनी दुकानों तक पहुंच सकें 7 मंडल का कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है लेकिन इसके साथ ही स्थानीय व्यापारियों और निवासियों की दैनिक गतिविधियां भी प्रभावित नहीं होनी चाहिए 7 उचित समन्वय और स्पष्ट दिशा- निर्देशों के माध्यम से इस समस्या का समाधान किया जा सकता है।

**सुरक्षा के साथ आमजन को भी मिले सुविधा**

ज्ञापन में कहा गया है कि यदि पुलिस प्रशासन द्वारा इस संबंध में स्थायी दिशा- निर्देश जारी कर दिए जाएं,तो एक ओर सुरक्षा व्यवस्था बेहतर एवं व्यवस्थित बनी रहेगी वहीं दूसरी ओर व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी 7

काशी व्यापार प्रतिनिधि मंडल (न्याय मंच) के अध्यक्ष सोनालाल सेठ ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि व्यापारियों एवं स्थानीय निवासियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक व्यवस्था लागू की जाए जिससे काशी विश्वनाथ मंदिर क्षेत्र में सुरक्षा के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियां और आमजन का आवागमन भी सुचारु रूप से संचालित हो सके।

ज्ञापन देने के दौरान अध्यक्ष सोना लाल सेठ,विजय गुप्ता,राजेश सोनी,केशरी नंदन,शैलेन्द्र कुमार सिंह,विजय पाण्डेय, ललन पाण्डेय सहित अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## सात विशिष्ट विभूतियों को 'वोकेशनल एक्सीलेंस एंड लेगेसी अवार्ड' से सम्मानित

**वाराणसी, जीएनएस।**

समाज एवं राष्ट्र के विकास में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों के सम्मान और उनके सेवाभाव को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल की ओर से 11 अक्टूबर 2026 रविवार को सिगरा स्थित होटल कैस्टेलो में 'रोटरी वोकेशनल एक्सीलेंस एंड लेगेसी अवार्ड्स' समारोह का भव्य आयोजन किया गया 7 समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली सात विशिष्ट विभूतियों को सम्मानित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाराणसी कैंट के विधायक सौरभ श्रीवास्तव रहे 7



सात विभूतियों को सम्मान,समाज के प्रति योगदान का हुआ अभिनंदन

समारोह में पद्मश्री डॉ.रजनीकांत,प्रो.एस.एन.उपाध्याय,प्रो.प्रदीप कुमार मिश्रा, डॉ.शबाना खातून,प्रो.डॉ.सुधाकर मिश्रा, मोहम्मद अबू तालिब अंसारी एवं पं.गणेश प्रसाद मिश्रा को उनके अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, सामाजिक प्रतिबद्धता और उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया 7 इन विभूतियों के कार्यों और सेवाभाव को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए उनके योगदान की सराहना की गई 7 रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल की इस पहल का उद्देश्य उन व्यक्तित्वों को पहचान और सम्मान प्रदान करना है जिन्होंने अपनी प्रतिभा,परिश्रम,ज्ञान और समर्पण के माध्यम से समाज को सकारात्मक दिशा देने तथा राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने का कार्य किया है। रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल की अध्यक्ष रोटेरियन डॉ.रितु गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी समाज और राष्ट्र की वास्तविक समृद्धि का आकलन केवल आर्थिक विकास या व्यक्तिगत उपलब्धियों से नहीं किया जा सकता 7 इसकी असली पहचान उन लोगों के योगदान से होती है जो अपने ज्ञान,प्रतिभा,परिश्रम और सेवाभाव से दूसरों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं 7 उन्होंने कहा कि समाज में ऐसे अनेक लोग हैं, जो अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों का भी पूरी निष्ठा से निर्वहन करते हैं ऐसे व्यक्तित्वों का सम्मान करना केवल उनकी उपलब्धियों की सराहना करना नहीं है बल्कि समाज में सकारात्मक सोच,सेवा, समर्पण और मानवीय मूल्यों को प्रोत्साहित करने का भी माध्यम है । डॉ.रितु गर्ग ने कहा कि रोटरी का उद्देश्य केवल सेवा कार्य करना ही नहीं,बल्कि समाज में सेवा की ऐसी संस्कृति विकसित करना है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति अपनी क्षमता और सामर्थ्य के अनुसार समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित हो 7 'वोकेशनल एक्सीलेंस एंड लेगेसी अवार्ड्स' के माध्यम से क्लब ऐसी विभूतियों के कार्यों को सामने लाने का प्रयास कर रहा है।

### चौकी प्रभारी ने आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**जालौन।** नगर के दो लोगों के द्वारा युवकों को फेसबुक तथा मोबाइल में फोटो बनाकर प्रेम प्रसंग के जरिए फसाने एवं अवैध कार्यों को विभिन्न तिथियां में घटना को अंजाम देने पर घटना को प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने संज्ञान में लेकर पीड़ित कानपुर निवासी विनायक मिश्रा की तहरीर पर आरोपी अभिनय खन्ना एवं कैश निवासी कालपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए कालपी पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना महमूदपुरा चौकी प्रभारी दिलीप कुमार मिश्रा को जांच सौंप गई।

# विधुत संविदा कर्मचारियों ने विधायक को सौपा ज्ञापन

**अशोकनगर, जीएनएस।**

यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्पलाईज एवं इंजीनियर्स के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विद्युत विभाग में लंबे समय से सेवाएं दे रहे संविदा कर्मचारियों के विभागीय परीक्षा के माध्यम से नियमितीकरण की प्रक्रिया में हो रही देरी के विरोध में मुंगावली के माननीय बिजेन्द्र सिंह जी यादव एवं अशोकनगर के माननीय इंजी.हरिबाबू राय विधायक जी को विद्युत संविदा कर्मचारियों द्वारा उनके निवास पर मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया।

संविदा बिजली कर्मचारियों का आरोप है कि सरकार और विभाग उनकी सुध नहीं ले रहा है और उन्हें नियमित करने को लेकर कोई गंभीर कदम नहीं उठाया जा रहा है।संगठन सचिव मुकेश जैन का कहना है कि गत 24 जुलाई को बिजली विभाग की ओर से एक परिपत्र (सर्कुलर) जारी किया गया था, लेकिन इतने दिन बीत जाने के बाद भी नियमितीकरण की प्रक्रिया धरातल पर शुरू नहीं की गई है। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि वे विभागीय परीक्षा देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, इसके बावजूद उनके नियमितीकरण की प्रक्रिया को लटकाया जा रहा है। उनका साफ आरोप है कि सरकार इन कर्मचारियों को नियमित करना ही नहीं चाहती है।

**दीपावली से पहले अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी**

सरकार और विभाग के रवैये से नाराज बिजली संविदा कर्मचारियों ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। यूनाइटेड फोरम के संगठन सचिव मुकेश जैन के अनुसार यदि जल्द ही उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो प्रदेशभर के बिजली संविदा कर्मचारी आने वाली दीपावली के ठीक पहले अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इस बड़े आंदोलन के चलते आगामी दिनों में बिजली व्यवस्था पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। ज्ञापन देने वालों मे सतीश मिश्रा,बाबुलाल,विभव गौतम,रविन्द्र यादव,सुरेन्द्र गोड,सूर्यकान्त तिवारी,दशरथ प्रजापति,सुधीर कुमार,पवन माली मौजूद रहे।



### महिलाओं, युवाओं और बालिकाओं ने दिया सामाजिक एकता का संदेश

# अग्रसेन जयंती पर दतिया में निकली भव्य बाइक रैली

**दतिया जीएनएस**

महाराजा अग्रसेन की 5150वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को अग्रवाल समाज दतिया की ओर से भव्य बाइक रैली निकाली गई। रैली में समाज के युवाओं और वरिष्ठजनों के साथ महिलाओं एवं बालिकाओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रैली के माध्यम से समाज की एकजुटता, महिला सशक्तीकरण और युवा स्वाभिमान का संदेश दिया गया।

भगवा ध्वज, महाराजा अग्रसेन के जयघोष और डीजे की धुनों के बीच निकली बाइक रैली में समाजबंधुओं का उत्साह देखते ही बना। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी।



रास्ते में विभिन्न स्थानों पर समाज के लोगों ने पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया। पूरे आयोजन में सामाजिक एकता और सहभागिता की भावना दिखाई दी।

अग्रवाल युवा संगठन के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने समाज को एकता, समानता, सहयोग और भाईचारे का संदेश दिया था। उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने और समाज में आपसी सद्भाव को मजबूत करने के उद्देश्य से बाइक रैली का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष विशेष रूप से महिलाओं और बेटियों की सहभागिता बढ़ाने का प्रयास किया गया है। जब समाज की युवा शक्ति और मातृशक्ति एक साथ आगे बढ़ती हैं, तभी समाज वास्तविक रूप से सशक्त बनता है। महिलाओं और बेटियों की सक्रिय भागीदारी समाज की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है।

अमित अग्रवाल ने समाज के सभी लोगों से रविवार, 11 अक्टूबर को आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती की प्रभात फेरी, भव्य शोभायात्रा और अन्य कार्यक्रमों में सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया।

'महिला शक्ति, युवा स्वाभिमान–एक समाज, एक पहचान' के संदेश के साथ निकली बाइक रैली ने महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को अपनाने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का आह्वान किया।

---



## वीआईएसएम में राजमाता विजयाराजे सिंधिया की जयंती मनाई

**ग्वालियर जीएनएस।** वीआईएसएम ग्रुप ऑफ स्टडीज के गुरुबख्श सिंह सभागार में कै. राजमाता विजयाराजे सिंधिया की 107वीं जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। संस्थान के चेयरमैन डॉ. सुनील कुमार सिंह राठौर, चेयरपर्सन सरोज राठौर, ग्रुप निदेशक डॉ. प्रज्ञा सिंह सहित पदाधिकारियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। डॉ. राठौर ने कहा कि राजमाता जी का जीवन राष्ट्रसेवा, सामाजिक योगदान और शिक्षा के प्रति दूरदर्शी सोच का प्रतीक है। उन्होंने बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया। उनका मानना था कि शिक्षित महिला परिवार और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## अग्रसेन चौक पर पितृ पक्ष प्रसादी वितरण का समापन, 2000 श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

**ग्वालियर जीएनएस**

मुरार स्थित अग्रसेन चौक पर पितृ पक्ष के अवसर पर पितरों की स्मृति में आयोजित 15 दिवसीय प्रसादी वितरण कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में ग्वालियर, मुरार, लश्कर सहित दिल्ली, गुजरात और भोपाल के अग्रवाल समाज के लोगों ने सहयोग किया। अंतिम दिन भगवान अग्रसेन की प्रतिमा का विधि-विधान से पूजन और माल्यार्पण किया गया। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे से शाम तक प्रसादी वितरण हुआ, जिसमें करीब 2000 श्रद्धालुओं ने मालपुआ और खीर की प्रसादी ग्रहण की।

वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गर्ग ने बताया कि पितृ पक्ष के दौरान आयोजित इस सेवा कार्य में अग्रवाल समाज के लोगों ने तन-मन-धन से सहयोग दिया। आयोजन में शामिल अग्रबंधुओं को स्मृति स्वरूप भगवान अग्रसेन के चित्र भेंट किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति सदस्य रमेश चंद्र बंसल, अनिल गर्ग, बिहारी अग्रवाल, प्रहलाद अग्रवाल, राहुल गोयल, राजकुमार गोयल और हरिमोहन अग्रवाल सहित समाज के अन्य लोगों का सक्रिय सहयोग रहा। श्री अग्रसेन उत्सव समिति और श्री अग्रसेन वेलफेयर फाउंडेशन ने आयोजन में सहयोग देने वाले दानदाताओं, समाजसेवियों और क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



---

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर दतिया मेडिकल कॉलेज में कार्यशाला, कार्य और निजी जीवन में संतुलन बनाए रखने पर जोर

# चिकित्सा विद्यार्थियों और स्वास्थ्यकर्मियों को बताए तनाव व बर्नआउट से बचाव के उपाय

**दतिया जीएनएस**

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया में चिकित्सा विद्यार्थियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यशाला एवं जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें तनाव और बर्नआउट की रोकथाम, मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने तथा कार्य और व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन स्थापित करने के व्यावहारिक उपायों पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. दीपक एस. मरावी के मार्गदर्शन में मनोरोग विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. राजेश सिंह एवं सीनियर रेजिडेंट डॉ. महेंद्र सिंह यादव के समन्वय से किया गया। इसमें कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. मनोहर भाटिया का भी सहयोग रहा।

कार्यशाला में डॉ. राजेश सिंह और डॉ. महेंद्र सिंह यादव ने मानसिक तनाव के विभिन्न प्रकार, उसके प्रमुख लक्षणों, तनाव से उत्पन्न होने वाली शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं और बर्नआउट के शुरुआती संकेतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लगातार कार्यभार, अनियमित दिनचर्या, पर्याप्त नींद नहीं लेना और शैक्षणिक दबाव मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। ऐसी परिस्थितियों में तनाव की समय रहते पहचान करना और उसके प्रबंधन के लिए उचित



कदम उठाना जरूरी है।

विशेषज्ञों ने कार्य और व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नियमित दिनचर्या, पर्याप्त आराम, नींद और तनाव से निपटने के प्रभावी तरीकों को अपनाकर मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में मदद मिल सकती है। चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों के लिए यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि उन्हें पढ़ाई, प्रशिक्षण, मरीजों की देखभाल और लंबे कार्य-घंटों जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

कार्यशाला के दौरान आयोजित संवादात्मक सत्र में प्रथम वर्ष के एमबीबीएस विद्यार्थियों ने पढ़ाई, शैक्षणिक दबाव और तनाव से संबंधित अपनी समस्याएं साझा कीं। वहीं, स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने ड्यूटी के दौरान कार्यभार, लंबे कार्य-घंटों, समय प्रबंधन और कार्यस्थल की तनावपूर्ण परिस्थितियों से जुड़े अनुभव बताए। नर्सिंग स्टाफ और संकाय सदस्यों ने भी कार्यस्थल पर आने वाली चुनौतियों तथा तनाव के विभिन्न कारणों पर चर्चा की। इस संवाद के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी समस्याएं रखने और उनके समाधान के व्यावहारिक तरीकों पर विचार करने का अवसर मिला।

समापन सत्र में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. दीपक एस. मरावी ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने नियमित शारीरिक गतिविधि करने, शाम को टहलने, पर्याप्त एवं गुणवत्तापूर्ण नींद लेने और दिनचर्या को संतुलित रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि तनाव से निपटने के लिए उपलब्ध सहयोग और संसाधनों का उपयोग करना भी आवश्यक है। चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ अपने मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना चाहिए। कार्यशाला का उद्देश्य विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के संदेश को आगे बढ़ाते हुए चिकित्सा विद्यार्थियों और स्वास्थ्यकर्मियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, तनाव एवं बर्नआउट की समय रहते पहचान को प्रोत्साहित करना तथा महाविद्यालय में स्वस्थ, सहयोगात्मक और सकारात्मक शैक्षणिक एवं कार्यस्थल वातावरण को बढ़ावा देना था।

### 18 गोत्रों का विधि-विधान से पूजन, 20 राजकुमारों ने पारंपरिक वेशभूषा में सजाई अग्रोहा के राजदरबार की झांकी

# ग्वालियर में पहली बार सजा अग्रसेन महाराज का सजीव दरबार, हजारों लोग बने साक्षी

**ग्वालियर जीएनएस**

अग्रवाल समाज की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत करते हुए अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के तत्वावधान में रविवार को भगवान श्री अग्रसेन महाराज का सजीव दरबार एवं 18 गोत्रों का पूजन समारोह आयोजित किया गया। ग्वालियर में पहली बार हुए इस आयोजन में हजारों समाजबंधु और नागरिक शामिल हुए। सजीव दरबार की भव्य झांकी देखकर ऐसा प्रतीत हुआ, मानो अग्रोहा नगरी के महाराजा अग्रसेन स्वयं राजदरबार में विराजमान हों।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गोयल ने पूजन किया। पंडित ने विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई। समारोह में शहनाई की मधुर धुनों ने वातावरण को भक्तिमय बनाया। भंडारे और प्रसादी वितरण में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

**20 राजकुमारों ने सजाया दरबार :** सजीव दरबार में भगवान श्री अग्रसेन महाराज की भूमिका अक्षांश अग्रवाल ने निभाई। उनके साथ 20 बच्चों ने राजकुमारों के रूप में पारंपरिक वेशभूषा में सहभागिता की। इनमें अर्चित अग्रवाल, अंश सिंघल, पलाश अग्रवाल, सत्यम अग्रवाल (गर्ग), नमन अग्रवाल, आर्यन मंगल, काव्य सिंघल, मुदित बंसल, वैष्णव अग्रवाल, अनंत बंसल, कृष्ण अग्रवाल, उत्कर्ष अग्रवाल, नक्षत्र सिंघल, अक्षत अग्रवाल, काव्यम गोयल, क्रिश सिंघल, नक्ष बंसल, अर्णव अग्रवाल, शुभ गर्ग और युग अग्रवाल शामिल रहे।

बच्चों की प्रस्तुति के माध्यम से नई पीढ़ी को महाराजा अग्रसेन के आदर्शों, सामाजिक समरसता के संदेश और अग्रवाल समाज के इतिहास से जोड़ने का प्रयास किया गया।

**18 गोत्रों का पूजन :** समारोह में भगवान श्री अग्रसेन महाराज के साथ गर्ग, गोयल, बंसल, सिंघल, मित्तल, जिंदल, बिंदल, मंगल, मधुकुल, ऐरन, कंसल, कुच्छल, गोयन, भांडल, धारण, तायल, नांगल और तिंगल गोत्रों का विधि-विधान से पूजन हुआ। महाराजा के पूजन की जिम्मेदारी दिलीप अग्रवाल ने निभाई। सभी गोत्रों के पूजन के लिए समाज के सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं।

**संस्कारों से जोड़ना उद्देश्य :** संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राकेश अग्रवाल, जिलाध्यक्ष अनुज अग्रवाल और महिला विंग अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य महाराजा अग्रसेन के आदर्शों और समाज की गौरवशाली परंपराओं को जन-जन तक पहुंचाना तथा बच्चों और युवाओं को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है। संगठन के महामंत्री सुदामा अग्रवाल, महिला विंग महामंत्री शिल्पी अग्रवाल और कोषाध्यक्ष सरोज अग्रवाल ने आयोजन में सहयोग देने वालों के प्रति आभार जताया। संगठन ने बताया कि सजीव दरबार में शामिल बच्चों और अन्य पात्रों का आगामी महालक्ष्मी वरदान दिवस पर सम्मान किया जाएगा।

### ख्वाजा खानून के 508वें उर्स में राष्ट्रीय सेमिनार

## सूफी संस्कृति सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता की प्रेरणा : संत कृपाल सिंह

**ग्वालियर जीएनएस**

हजरत ख्वाजा खानून साहब के 508वें सालाना उर्स के चौथे दिन दरगाह परिसर में राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें वक्ताओं ने सूफी संस्कृति को राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और आपसी भाईचारे की प्रेरणा बताया। मुख्य अतिथि आध्यात्म निकेतन के पीठाधीश्वर संत कृपाल सिंह महाराज ने कहा कि वर्तमान समय में जाति, धर्म, भाषा और ऊंच-नीच के आधार पर समाज में भेदभाव पैदा करने के प्रयास हो रहे हैं। ऐसे दौर में सूफी संतों की शिक्षाएं प्रेम, एकता और सद्भाव का मार्ग दिखाती हैं। सूफी संतों के आस्थानों से आज भी परस्पर प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया जाता



है। सेमिनार की अध्यक्षता दरगाह के सज्जादानशीन हजरत ख्वाजा राशिद खानूनी साहब ने की। पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दिल्ली की दरगाह हजरत निजामुद्दीन औलिया से सूफी तलहा निजामी और स्वालिहा निजामी भी विशेष रूप से शामिल हुए। 'राष्ट्रीय एकता में सूफी संस्कृति का योगदान' विषय पर आयोजित सेमिनार का विषय प्रवर्तन डॉ. ऐजाज खानूनी ने किया। वरिष्ठ पत्रकार नईम कुरैशी, फारुख बेग मुगल, साकिब खानूनी, शरीफ कुरैशी दरवेश और पत्रकार जावेद खान ने अपने विचार रखे। मुन्नालाल गोयल ने दरगाह पर आयोजित होने वाले सामाजिक सद्भाव के कार्यक्रमों की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने समिति के सदस्यों से मुरार नदी के किनारे पौधरोपण करने का आह्वान किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में सज्जादानशीन हजरत ख्वाजा राशिद खानूनी साहब ने देश-प्रदेश में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव, तरक्की और अमन-चैन के लिए दुआ की।

### पूर्व थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी का किया स्वागत



**ग्वालियर जीएनएस**

ग्वालियर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता ने पूर्व थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी से शीतला सहाय सभागार, ग्वालियर में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने जनरल द्विवेदी को अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान जनरल उपेंद्र द्विवेदी के साथ सौजन्य मुलाकात कर उनका सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि जनरल द्विवेदी भारतीय थल सेना के पूर्व प्रमुख रहे हैं।

## सिख फोरम ग्वालियर ने अमृतसर के लिए रवाना हुए पंच प्यारों का किया भव्य स्वागत और अभिनंदन

**ग्वालियर जीएनएस**

दाताबंदी छोड़ दिवस के सफलतापूर्वक समापन के पश्चात ग्वालियर से अमृतसर के लिए पैदल यात्रा कर रवाना हुए पंच प्यारों का आज ग्वालियर में अत्यंत श्रद्धा और सत्कार के साथ विदाई समारोह आयोजित किया गया। पुरानी छावनी स्थित दाताबंदी छोड़ द्वार पर सिख फोरम ग्वालियर के सभी सदस्यों और पदाधिकारियों ने पूरी गर्मजोशी के साथ यात्रा दल का स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान सिख फोरम के सदस्यों द्वारा पंच प्यारों पर पुष्प वर्षा की गई और उन्हें पारंपरिक रूप से सिरोपाव भेंट किए गए। इस अवसर पर सभी पंच प्यारों को आदर सहित वस्त्र भी भेंट किए गए तथा उपस्थित संगत को फरूट प्रसाद का वितरण किया गया। पूरा आयोजन सिख परंपराओं और पूर्ण रीति-रिवाज के साथ संपन्न हुआ। सिख फोरम के सभी सदस्यों ने मिलजुलकर इस कार्यक्रम को बड़ी श्रद्धा और भावना से पूरा किया। इस पावन अवसर पर सभी ने उपस्थित संतों और पंच प्यारों के चरण छूकर आशीर्वाद भी प्राप्त किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्साह से भर गया। सिख फोरम ग्वालियर के सभी पदाधिकारियों के सहयोग से यह विदाई समारोह अत्यंत भव्य और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या पर तर्पण कर पितरों को दी विदाई

**ग्वालियर जीएनएस**

गायत्री प्रज्ञा पीठ कंपू में सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या पर शनिवार को सामूहिक तर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें करीब 150 परिजनों ने विधि-विधान से अपने पितरों का अंतिम तर्पण कर श्रद्धापूर्वक विदाई दी। इसके साथ ही 26 सितंबर से शुरू हुए 15 दिवसीय पितृ पक्ष के तर्पण कार्यक्रम का समापन हुआ।

गायत्री प्रज्ञा पीठ कंपू के ट्रस्टी शिववीर सिंह चौहान ने बताया कि सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या पर सुबह 6 से 11 बजे तक चार पालियों में तर्पण कार्यक्रम संपन्न कराया गया। परिजनों ने अपने पितरों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए धार्मिक विधि-विधान से तर्पण किया।

उन्होंने बताया कि रविवार से शारदीय नवरात्र के अवसर पर माता की अगवानी के साथ शक्ति आराधना का पर्व शुरू होगा। नवरात्र के दौरान गायत्री प्रज्ञा पीठ में प्रतिदिन सुबह 6 से 6:30 बजे तक अखंड जप-साधना की जाएगी। इसके बाद सुबह 8 बजे से गायत्री महायज्ञ संपन्न होगा।

## अमावस्या पर 200 लोगों ने किया तर्पण-पिंडदान, नवरात्र में गायत्री जाप और यज्ञ

**ग्वालियर जीएनएस**

सर्वपितृ अमावस्या के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ के परिजनों की ओर से 200 लोगों ने तर्पण एवं पिंडदान किया। वहीं, शारदीय नवरात्र के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ तानसेन नगर और गायत्री जागृति केंद्र सुभाष नगर, हजीरा में 11 से 19 अक्टूबर तक धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं।

गायत्री शक्तिपीठ के सहायक मुख्य प्रबंध ट्रस्टी भक्त दर्शन बरोलिया और व्यवस्थापक कमलेश गुप्ता ने बताया कि दोनों केंद्रों पर प्रतिदिन सुबह 5 बजे से शाम 6 बजे तक अखंड गायत्री जाप होगा। इसके साथ ही प्रतिदिन सुबह पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ और निशुल्क संस्कार कराए जाएंगे। संस्कारों के लिए आवश्यक सभी सामग्री केंद्र की ओर से निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि नवरात्र के




नौ दिनों तक दोनों केंद्रों पर नियमित रूप से धार्मिक कार्यक्रम होंगे। इन आयोजनों का उद्देश्य लोगों को आध्यात्मिक साधना और संस्कारों से जोड़ना है।

इसी क्रम में गायत्री शक्तिपीठ के परिजनों ने ग्वालियर के लॉ कॉलेज परिसर में पौधरोपण भी किया। आयोजन के माध्यम से धार्मिक गतिविधियों के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

## जरूरतमंद बस्तियों के 150 बच्चों को कराई सोनागिर जैन तीर्थ की यात्रा

**ग्वालियर जीएनएस**

भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक-2 एवं सेवार्थ जनकल्याण समिति ग्वालियर की ओर से रविवार को जरूरतमंद बस्तियों में संचालित स्कूलों के करीब 150 बच्चों को सोनागिर जैन तीर्थ की यात्रा कराई गई। मांढरे की माता, कंपू से दो बसों में बच्चों, पाठशाला संचालकों और शिक्षकों का दल तीर्थ दर्शन, वंदना और जैन दर्शन का अध्ययन करने के लिए रवाना हुआ। यात्रा पर जाने से पहले सभी सदस्यों को फल वितरित किए गए।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि बसों को ध्वजा दिखाकर रवाना किया गया। इस




अवसर पर सेवार्थ जनकल्याण समिति के संभागीय अध्यक्ष ओम पी. दीक्षित, भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन अतिवीर महेंद्र कुमार जैन एडवोकेट, राष्ट्रीय प्रचार अध्यक्ष अतिवीर राजेश जैन बंटी, राष्ट्रीय संरक्षक बालचंद जैन और प्रवीण कुमार गंगवाल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष महेंद्र कुमार जैन, क्षेत्रीय मंत्री वीर कमलेश जैन, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अतिवीर रवि जैन, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी सचिन जैन, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष प्रीति जैन तथा बीना जैन शाखा अध्यक्ष चेतकपुरी ने बच्चों को सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

यात्रा के आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को धार्मिक स्थलों के दर्शन कराने के साथ जैन धर्म की शिक्षाओं और सांस्कृतिक परंपराओं से परिचित कराना है। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रीय अध्यक्ष महेंद्र जैन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जूरिस्ट्स फेडरेशन का बड़ा फैसलाः अब जिला, ब्लॉक एवं तहसील स्तर के पदाधिकारी भी कर सकेंगे संगठन के लोगो का इस्तेमाल

**नई दिल्ली, जीएनएस।** जूरिस्ट्स फेडरेशन (Jurists Federation) के अध्यक्ष राजीव अग्निहोत्री ने संगठन के विस्तार, पदाधिकारियों की पहचान को सुदृढ़ करने तथा संगठनात्मक गतिविधियों में एकरूपता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय की घोषणा की है। इस निर्णय के तहत अब जिला, ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर नियुक्त जूरिस्ट्स फेडरेशन के पदाधिकारी भी संगठन के आधिकारिक लोगो का इस्तेमाल कर सकेंगे।

इस निर्णय को फेडरेशन के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाने और जमीनी स्तर पर कार्यरत पदाधिकारियों को संगठन से अधिक प्रभावी ढंग से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

जूरिस्ट्स फेडरेशन के अध्यक्ष राजीव अग्निहोत्री ने कहा कि किसी भी संगठन की वास्तविक शक्ति उसके जमीनी स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में निहित होती है। जिला, ब्लॉक और तहसील स्तर पर कार्य करने वाले पदाधिकारी आम नागरिकों, अधिवक्ताओं तथा स्थानीय समुदायों के बीच संगठन की विचारधारा, उद्देश्यों और गतिविधियों को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए उन्हें संगठन की आधिकारिक पहचान के साथ कार्य करने का अवसर प्रदान करना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि जूरिस्ट्स फेडरेशन का उद्देश्य न्याय, विधिक जागरूकता, संवैधानिक मूल्यों, नागरिक अधिकारों और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। इन उद्देश्यों की




प्राप्ति के लिए संगठन को केवल राष्ट्रीय अथवा राज्य स्तर तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसकी गतिविधियों को जिला, ब्लॉक और तहसील स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाना भी आवश्यक है।

अध्यक्ष राजीव अग्निहोत्री ने घोषणा की कि संगठन के लोगो के उपयोग की अनुमति अब जिला, ब्लॉक एवं तहसील स्तर के अधिकृत पदाधिकारियों को भी दी जाएगी। इसके माध्यम से वे संगठन से संबंधित पत्राचार, आधिकारिक परिचय सामग्री, संगठनात्मक कार्यक्रमों, बैठकों, जागरूकता अभियानों तथा अन्य अधिकृत गतिविधियों में लोगो का उपयोग कर सकेंगे, बशर्ते वे फेडरेशन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करें।

उन्होंने कहा कि लोगो केवल एक प्रतीक या डिजाइन नहीं होता, बल्कि वह संगठन की पहचान, प्रतिष्ठा, विश्वसनीयता और उसके उद्देश्यों का प्रतिनिधित्व करता है। जब संगठन के विभिन्न स्तरों पर कार्यरत पदाधिकारी एक समान आधिकारिक पहचान के साथ कार्य करते हैं, तो इससे संगठन की एकजुटता और पहचान को मजबूती मिलती है।

राजीव अग्निहोत्री के अनुसार, इस निर्णय से जिला, ब्लॉक और तहसील स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों को अधिक व्यवस्थित ढंग से संचालित करने में सहायता मिलेगी। स्थानीय स्तर पर नियुक्त पदाधिकारी संगठन की योजनाओं और कार्यक्रमों को आम जनता तक पहुंचाने के साथ-साथ नागरिकों को उनके अधिकारों, कानून की जानकारी और न्याय व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक करने में भी योगदान दे सकेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि जूरिस्ट्स फेडरेशन अपने संगठनात्मक विस्तार के साथ-साथ अनुशासन, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को भी समान महत्व देता है। लोगो के उपयोग की अनुमति का उद्देश्य किसी व्यक्ति को व्यक्तिगत लाभ प्रदान करना नहीं, बल्कि संगठन की अधिकृत पहचान के माध्यम से सामूहिक उद्देश्यों को आगे बढ़ाना है।

फेडरेशन के सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की जाएगी कि वे संगठन के नाम और लोगो का इस्तेमाल जिम्मेदारीपूर्वक करें। इसका उपयोग किसी भी भ्रामक दावे, अनधिकृत प्रतिनिधित्व, व्यक्तिगत व्यावसायिक लाभ अथवा ऐसे कार्य के लिए नहीं किया जाना चाहिए, जिससे संगठन की प्रतिष्ठा प्रभावित हो। लोगो के उपयोग से संबंधित विस्तृत प्रक्रिया, आवश्यक अनुमति और अन्य शर्तें फेडरेशन के निर्धारित नियमों के अनुसार लागू होंगी।

अध्यक्ष राजीव अग्निहोत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस निर्णय से संगठन के विभिन्न स्तरों के बीच समन्वय बढ़ेगा और पदाधिकारियों को अधिक सक्रियता के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी।

## वाराणसी में मुलायम सिंह यादव की चौथी पुण्यतिथि पर सपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि,हवन-पूजन कर किया शांति पाठ



**वाराणसी, जीएनएस।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय वाराणसी में समाजवादी पार्टी के संस्थापक,पूर्व रक्षा मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव की चतुर्थ पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया 7 कार्यक्रम के प्रारम्भ में नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई इसके पश्चात हवन-पूजन एवं शांति पाठ का कार्यक्रम नेशनल इक्क्ल पार्टी के संयोजक शशि प्रताप सिंह द्वारा सम्पन्न कराया गया 7 इस अवसर पर नेशनल इक्क्ल पार्टी के संयोजक शशि प्रताप सिंह ने कहा कि श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव एक युगपुरुष थे उनके निधन से ऐसा लगा कि एक युग का अंत हो गया 7 उन्होंने कहा कि नेताजी ने जीवन भर गरीब,किसान,नौजवान और वंचित समाज के हक की लड़ाई लड़ी उनके विचार और उनका संघर्ष हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा प्रेरणा बने रहेंगे 7 सभा में समाजवादी पार्टी के सहयोगी दल नेशनल इक्क्ल पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी सहभागिता की 7 इस दौरान वक्ताओं ने श्रद्धेय नेताजी के जीवन,संघर्ष एवं समाजवादी विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सपा जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़,पूर्व जिलाध्यक्ष आत्माराम यादव,उमाकांत त्रिपाठी आदि।

## सेवानिवृत्त कर्नल के ससुराल आगमन पर भव्य स्वागत

**जालौन, जीएनएस।** जनपद औरैया ग्राम हालेपुर निवासी गंभीर सिंह पाल अपनी सेवाएं फौज में कर्नल पद पर रहकर पुरी की थी वहीं से सेवानिवृत होने पर स्वयं तथा पत्नी ज्योति पाल समेत दोनों लोग अमले के साथ जैसे ही मुन्ना फुल पावर ओवर ब्रिज पर आए वही उनके स्वागत के लिए पहले से मौजूद साले सोनू पाल परिवार तथा अपने



साथियों के साथ कई बाहन तथा डीजे ध्वनि के साथ उनका माल्यार्पण कर अभूतपूर्व स्वागत किया इसके उपरांत उन्होंने बाजार की सड़क पर स्वागत यात्रा निकालते हुए धीरे-धीरे अपने निज निवास टरननगंज स्थित बिजली उपकेंद्र कालपी के पास पहुंचे वहां पर मौजूद लोगों ने उनका फूल वर्षा कर स्वागत किया तथा स्वागत यात्रा में चल रहे लोगों ने सड़क के किनारे बसे मकानो से निकल कर उनका माल्यार्पण कर तथा फूल वर्षा कर स्वागत किया यह नजारा पहली बार नगर कालपी में कर्नल पद पर रहे दामाद एवं बेटी जबरदस्त स्वागत देखने से नगर वासियों में खुशी की लहर दौड़ी स्वागत करने वालों में सास राजन देवी पाल महेश मुनीम मनोज श्रीवास्तव धीरेंद्र सोनी किशोरी लाल मोतीलाल फौजी विजय बहादुर लाल बाबू विपिन ट्रेलर राज नारायण श्रीवास्तव अखिलेश चौधरी आशीष सिंह फौजी माता प्रसाद आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी को जीताने के लिए स्थानीय भाजपाइयों ने पूरी तरह से कमर कस ली

**जालौन, जीएनएस।** मंडल उपाध्यक्ष संजय सविता के निज निवास पर पूर्व विधायक अरुण मेहरोत्रा जिला उपाध्यक्ष अमित पांडे नगर अध्यक्ष सुबोध द्विवेदी स्थानीय भाजपा पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर हर हाल में पार्टी प्रत्याशी को जीताने के लिए हुंकार भर कर पूरी तरह से रणनीत बनायी बैठक में सर्वसम्मत से तय हुआ की प्रयागराज बुंदेलखंड स्नातक एमएलसी प्रत्याशी अशोक राठौर को कालपी नगर से ही नहीं पूरे विधानसभा से जीताकर भेजने का संकल्प लिया साथ में उन्होंने जो भी मतदाता सूची में स्नातक मतदाता सम्मिलित है उनके प्रत्येक घरों में जाकर संपर्क अभियान चला कर प्रत्याशी को जीताने के लिए पूरी तरह से तथा व्यापक तरीके से संपर्क अभियान चला कर जिताने के लिए मौजूद लोगों से पुरजोर आवाहन किया।

साथ में उन्होंने बूथ अध्यक्षों से आवाहन किया की अपने-अपने बूथ पर स्नातक मतदाता से घर जाकर अपने प्रत्याशी को मत देने के लिए पूरी तरह से कवायत करने के निर्देश दिए इतना भी नहीं मतदान के दिन भी पार्टी के सभी लोग जी जान से जुट कर मतदाता सूची में अंकित मतदाताओं के सर्वाधिक अपने प्रत्याशी के पक्ष में मत दिलाने हेतु सदैव अग्रसर रहकर अपने मिशन को पूरा कर सफलता में कामयाबी हासिल करने हेतु पुरजोर आवाहन किया बैठक में मौजूद अश्वनी तिवारी पोलिंग स्टेशन प्रभारी अरविंद राठौर अभिषेक मिश्रा आकाश द्विवेदी उर्फ छोटू विधायक अवनीश वाजपेई राकेश पुरवार धर्मेंद्र पाल हर्षित खन्ना प्रीतूसिंह पारस पुरवार अमित पुरवार नकुल वर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

## कांग्रेस सांसद के इस्तीफे की मांग, भाजपा महिला मोर्चा ने किया प्रदर्शन

**फिरोजाबाद।** जेएनयू में छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार के आरोपों के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने सोमवार को दबरई स्थित जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सांसद प्रो. अंगोमचा बिमोल अकोइजाम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनके इस्तीफे और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में मुख्य अतिथि भाजपा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रंजना पवार रहीं। महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा मुन्नी देवी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताया। रंजना पवार ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# सेवा संकल्प अभियान में योगाचार्य महेश पाल को मिला विशेष योग सम्मान

**गुना, जीएनएस।** आयुष विभाग गुना द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित विशेष योग सत्र एवं योग सम्मान कार्यक्रम में योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राष्ट्रीय योगासन निर्णायक (National Yogasana Judge) योगाचार्य महेश पाल को जिला आयुष अधिकारी द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें योग के माध्यम से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने, बच्चों एवं युवाओं को योग से जोड़ने, योगासन खेलों को प्रोत्साहित करने तथा समाज में योग की वैज्ञानिक उपयोगिता का प्रचार-प्रसार करने के लिए सम्मानित किया गया। योग के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहते हुए योगाचार्य महेश पाल स्वास्थ्य जागरूकता, योग शिक्षा, खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और अनुसंधान के माध्यम से योग के प्रभावों को समझने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

योगाचार्य महेश पाल का मानना है कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली, शारीरिक निष्क्रियता, अनियमित खानपान, नींद की कमी और बढ़ते मानसिक तनाव के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसी परिस्थितियों में योग, प्राणायाम और ध्यान को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाना शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। योग केवल शरीर को लचीला बनाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह श्वसन क्षमता, शारीरिक संतुलन, एकाग्रता, तनाव प्रबंधन और जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाने में भी सहायक होता है। इसी उद्देश्य से योगाचार्य महेश पाल लंबे समय से गुना स्थित गायत्री मंदिर में विभिन्न योगसत्रों के माध्यम से लोगों को उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करा रहे हैं। जिसमें कई लोगों ने अपने स्वास्थ्य मै सुधार किया है जिसमें उच्च रक्तचाप, मोटापा, थायरॉयड, हार्मोनल असंतुलन, पीसीओडी (क्षक्रह्रष्ठ), फोजन शोल्डर, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, कमर दर्द, साइटिका, तनाव, माइग्रेन, गैस, कब्ज और अपच जैसी समस्याओं से परेशान लोग भी ठीक हुए हैं।

बच्चों की शारीरिक फिटनेस और विकास में भी काफी परिवर्तन हुआ है, योगाचार्य महेश पाल के अनुसार, प्राणायाम का अभ्यास केवल सांस लेने और छोड़ने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें श्वास की गति, गहराई, लय और नियंत्रण का विशेष महत्व है, जब प्राणायाम को पूरक,कुंभक, रेचक और अंतःकुंभक और बाह्यकुंभक के साथ अभ्यास करने पर कई अनगिनत लाभ मिलते हैं, वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो धीमी एवं नियंत्रित श्वास का अभ्यास स्वायत्त तंत्रिका तंत्र की गतिविधियों, हृदय गति और तनाव संबंधी प्रतिक्रियाओं को लाभ पहुंचता है। नियमित योगाभ्यास से कुछ लोगों में रक्तचाप नियंत्रण, शारीरिक कार्यक्षमता और मानसिक स्वास्थ्य में भी सकारात्मक बदलाव देखे गए हैं योगाचार्य महेश पाल का कहना है कि प्रत्येक आसन, प्राणायाम, मुद्रा, बंध , षट्कर्म, षट्चक्र एवं नाड़ियों का अभ्यास उसकी सही तकनीक, उचित क्रम, शारीरिक क्षमता और आवश्यकता के अनुसार करना चाहिए, योगाचार्य महेश पाल केवल स्वास्थ्य के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि योगासन खेलों के माध्यम से बच्चों एवं युवाओं की प्रतिभा को निखारने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

# उत्तराखंड बना ओवरऑल चैंपियन, महाराष्ट्र उपविजेता और यूपी पुलिस ने मास्टर्स में जीता गोल्ड- प्रथम राष्ट्रीय कॉर्नहोल चैंपियनशिप का शानदार समापन

**मथुरा, जीएनएस।**
मथुरा के राया रोड स्थित महावीर गेस्ट हाउस के हॉल में भारतीय क्रोनहोल महासंघ द्वारा दो दिवसीय 9 से 11 अक्टूबर तक प्रथम राष्ट्रीय कॉर्नहोल चैंपियनशिप का आयोजन कर सफलतापूर्वक समापन किया।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों और विभागों के खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबलों के बाद उत्तराखंड ने ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया, जबकि महाराष्ट्र उपविजेता और गुजरात तीसरे स्थान पर रहा।

इसके अलावा, डिपार्टमेंटल कैटेगरी के मास्टर्स वर्ग में यूपी पुलिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ऑल इंडिया पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के संयुक्त सचिव एवं एडिशनल एसपी आदित्य एवं जिला पंचायत सदस्य पीयूष धनगर ने शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि कॉर्नहोल खेल अब वर्ल्ड पुलिस गेम्स का हिस्सा बन चुका है। भारत को 2029 वर्ल्ड पुलिस खेलों की मेजबानी मिलने पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि हमें अभी से कड़ी मेहनत करनी चाहिए ताकि भारतीय खिलाड़ी देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने फेडरेशन को ऑल इंडिया पुलिस कंट्रोल बोर्ड के साथ मिलकर एक साझा रेफरी एवं प्लेयर ट्रेनिंग वर्कशॉप



आयोजित करने का सुझाव भी दिया। विशेष अतिथियों में महेंद्र राजपूत सचिव ओलंपिक संघ, डॉ. अरविंद चित्तौड़िया (चेयरमैन, राष्ट्रीय अपराध रोकथाम परिषद एवं इंडियन कॉर्नहोल फेडरेशन) विनोद आर्य प्रदेश सचिव कांग्रेस, प्रेमपाल सिंह सचिव कराटे संघ, खो खो संघ से अर्जुन सिंह, बॉल बैडमिंटन संघ से अनुपम सिंह, डार्ट्स संघ से शैलेश कुमार, टेनिकोईट संघ से कृष्णा, सॉफ्ट क्रिकेट संघ से गौरव, एवं डिपबॉल संघ से रोहित सिंह उपस्थित रहे।

इस मौके पर अरविंद चित्तौड़िया ने युवाओं से इस खेल से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि मूल रूप से अमेरिका का यह लोकप्रिय खेल अब भारत में भी तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। पुलिस खेलों में शामिल होने के कारण युवाओं के लिए इसमें करियर की असीम संभावनाएं हैं।

भारतीय कॉर्नहोल फेडरेशन के महासचिव विजय वशिष्ठ ने अपने संबोधन में कहा कि कॉर्नहोल एक ऐसा अनूठा खेल है जिसमें शारीरिक श्रम की तुलना में मानसिक कौशल और एकाग्रता की अधिक आवश्यकता होती है। इसे बच्चे, युवा और महिलाएं अपने घर की छत, लॉन या ऑफिस कहीं भी आसानी से खेल सकते हैं। फेडरेशन का मुख्य लक्ष्य इस खेल को देश के हर जनपद और घर-घर तक पहुंचाना है।

प्रतियोगिता के मुख्य परिणाम ओवरऑल विजेता उत्तराखंड ,उपविजेता महाराष्ट्र, तृतीय गुजरात , वही मास्टर्स कैटेगरी (डिपार्टमेंटल) यूपी पुलिस (गोल्ड मेडल)इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रमुख पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें ,महाराष्ट्र सचिव आकाश, उत्तराखंड सूरज कुमार ,गुजरात दिनेश , हरियाणा प्रेम, दिल्ली विकास, एनसीआर से अजय सिंह , यूपी पुलिस विजय सिंह, अजय महिला सिपाही, उत्तर प्रदेश शैलेश , देवेंद्र शर्मा, व कृष्णा कुमार के नेतृत्व में उ.प्र. टीम ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कई पदक जीते।

# श्री गणेश पूजन, मुकुट पूजन एवं नारद मोह की लीलाओं से हुआ 17वां रामलीला मंचन का शुभारंभ

**ग्वालियर, जीएनएस।**
नव दुर्गा रामलीला सेवा समिति सेक्टर-सी दीनदयाल नगर के अध्यक्ष रणविजय सिंह कुशवाह द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया गया कि रामलीला समारोह के अंतर्गत रविवार की रात को श्री गणेश पूजन, मुकुट पूजन एवं नारद मोह, राम जन्म की पौराणिक एवं शिक्षाप्रद लीलाओं का भव्य मंचन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गणेश पूजन से हुआ। विघ्नहर्ता गणेश की वंदना एवं पूजन के साथ मंगलाचरण किया गया। इसके उपरांत मुकुट पूजन की पावन लीला का मंचन हुआ, जिसमें प्रभु श्रीराम के मुकुट की पूजा कर उनके दिव्य स्वरूप एवं मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में प्रतिष्ठा की गई।



इसके बाद प्रस्तुत की गई नारद मोह लीला, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। इस लीला में देवर्षि नारद पर मोह और अभिमान का प्रभाव, भगवान विष्णु की लीला और अंततः नारद जी को प्राप्त शिक्षा का जीवंत चित्रण किया गया। कलाकारों ने अपनी संवाद अदायगी, भावपूर्ण अभिनय और रोचक मंचन के माध्यम से यह संदेश दिया कि अहंकार और मोह मनुष्य के पतन का कारण बनते हैं तथा धर्म, भक्ति और विनम्रता ही जीवन का सच्चा आभूषण है। इसके पश्चात भगवान श्रीराम जन्म की लीला का मंचन किया गया। भगवान श्रीराम के जन्म से जुड़े प्रसंगों को कलाकारों ने आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। मंचन युगल किशोर रामलीला कला मंडल के कलाकारों द्वारा किया गया। उनकी वेशभूषा, भाव-भंगिमाएँ और सजीव अभिनय इतना प्रभावशाली रहा कि पूरा रामलीला मैदान भक्तिमय माहौल में डूब गया। इस अवसर सुरेंद्र यादव (जिला अध्यक्ष कांग्रेस ग्वालियर ),गौरव तिवारी (पूर्व पार्षद प्रत्याशी वार्ड 18), मनोष शर्मा, हितेंद्र यादव (पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस), रामबाबू श्रीवास,रामोतार परमार (अध्यक्ष पूर्व सैनिक संगठन ),भरत सिंह भदौरिया,रणविजय सिंह कुशवाह, धनपाल चौहान, भारत परिहार, धर्मेंद्र भदौरिया,रामगोपाल चौधरी, बनबारी श्रीवास्तव,राजपाल तोमर,विक्रम भदौरिया सहित समस्त पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश एवं श्रीराम की आरती की। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसी लीलाओं का उद्देश्य समाज में धर्म, सत्य, सदाचार और मर्यादा के मूल्यों को स्थापित करना है।

# भोपाल में गूँजी शिवपुरी की महिला शक्ति, नीतू परिहार के नेतृत्व में पहुँची 32 महिलाएँ

**शिवपुरी, जीएनएस।**
आम आदमी पार्टी महिला विंग का प्रथम प्रादेशिक कार्यकर्ता सम्मेलन विगत दिनों भोपाल के गांधी भवन में भव्य रूप से संपन्न हुआ। सम्मेलन में प्रदेशभर से सैकड़ों महिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

शिवपुरी जिले से महिला विंग की जिला अध्यक्ष श्रीमती नीतू परिहार अपने 32 महिला कार्यकर्ताओं की टीम के साथ सम्मेलन में शामिल हुईं और जिले का प्रतिनिधित्व किया। सम्मेलन की अध्यक्षता महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती संगीता पांडे ने की। भोपाल में आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आम आदमी पार्टी शिवपुरी के जिला अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ,श्रम प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती सरोज कुशवाहा एवं एससी वर्ग अध्यक्ष लक्ष्मण का पूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा। श्रीमती नीतू परिहार इससे पहले 27 मई 2026 को शिवपुरी जिले में भी भव्य राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन आयोजित कर चुकी हैं। उनके नेतृत्व में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी संगठन विस्तार और महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इस सम्मेलन को सफल बनाने में आम आदमी पार्टी की अनेक महिला कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इनमें प्रमुख रूप से फिजा अली खान, शाहिबा बानो, शकीला बेगम, गीता पटेल, सीमा, गीता विश्वकर्मा, इशरत जहाँ, शबनम, नाहिमा, डॉली, सुमायला, नूर जहाँ, सीमा राठौर, राजवाली लोधी, आशा लोधी, सरोज मंडेई, प्रेम नंद मेहर, स्वाति आमखे, लीला बाई तिवारी, सुनीता धाकड़, तारा बाई मराठा, किरण चौहान, निगत खान, कमलेश परिहार, आशा कुशवाह, उषा आदिवासी एवं रजनी परिहार सहित अन्य महिला कार्यकर्ता शामिल रहीं। सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग और सहभागिता से भोपाल का यह सम्मेलन सफल रहा। आम आदमी पार्टी की महिला टीम ने महिला सशक्तिकरण, संगठन विस्तार और महिलाओं के अधिकारों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# ग्वालियर को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का बीएसएफ म्यूजियम, पर्यटन को लगेंगे नए पंख

**ग्वालियर, जीएनएस।**
देश की प्रथम रक्षा पंक्ति - सीमा सुरक्षा बल के शौर्य और गौरव की गाथा को अब आमजन और भी करीब से अनुभव कर सकेंगे। ग्वालियर जिले के टेकनपुर स्थित सीमा सुरक्षा बल अकादमी के म्यूजियम को अंतराष्ट्रीय स्तर का बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है।

सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर, जिला प्रशासन ग्वालियर तथा मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के मध्य एक महत्वपूर्ण स्र्र किया गया है। इस त्रिपक्षीय समझौते के अंतर्गत म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा बीएसएफ के वर्तमान म्यूजियम का भव्य उन्नयन कार्य कराया जावेगा।

इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य ऑडियो/विजुअल और इमर्सिव तकनीक के माध्यम से नागरिकों को बीएसएफ के गौरवशाली इतिहास, राष्ट्र की रक्षा में उसके योगदान और जवानों के अदम्य साहस का जीवंत अनुभव




कराना है, ताकि युवाओं एवं आम लोगों में सीमा सुरक्षा बल के प्रति रुझान और सम्मान जागृत हो सके।

इस हेतु मध्यप्रदेश राज्य शासन द्वारा 9.99 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई है।

**म्यूजियम में होंगे ये अत्याधुनिक कार्य**

1. वर्तमान म्यूजियम के सिविल कार्यों का सुदृढ़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण।
2. अत्याधुनिक ॥ड्रष्ट सिस्टम की स्थापना।
3. म्यूजियम परिसर में स्थित हवाई जहाज का उन्नयन।
4. विद्युतीकरण एवं आकर्षक लाइटिंग के कार्य।
5. वर्चुअल रियलिटी पर आधारित इमर्सिव अनुभव जोन का निर्माण।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बताया कि इस परियोजना के पूर्ण होने से ग्वालियर अंचल में पर्यटन को नई गति मिलेगी और टेकनपुर बीएसएफ म्यूजियम प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के प्रमुख टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में विकसित होगा।

# बीपीएल हितग्राही शीघ्र कराएं सत्यापन नहीं तो रुक जाएगी पेंशन

**ग्वालियर।** बीपीएल परिवारों के हितग्राही, जिन्हें शासन द्वारा इंदिरा गांधी पेंशन योजना अंतर्गत 600 रुपये प्रतिमाह प्राप्त होती है, वे अपने निकटतम वार्ड ऑफिस अथवा नगर निगम कार्यालय में जाकर मोबाइल के माध्यम से अपना सत्यापन शीघ्र करायें। उपायुक्त जनकल्याण श्री उत्तम जखेनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि एनपीएस योजना के पेंशन हितग्राहियों के डी.एल.सी. (डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट) सत्यापन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शहर के ऐसे सभी बीपीएल परिवारों के हितग्राही, जिन्हें शासन द्वारा 600 रुपये प्रतिमाह पेंशन प्राप्त होती है, वे अपने निकटतम वार्ड ऑफिस अथवा नगर निगम कार्यालय में जाकर मोबाइल के माध्यम से अपना सत्यापन शीघ्र करा करावे। हितग्राहियों से अपील है कि वे समय पर अपना डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट सत्यापन कराकर पेंशन संबंधी सेवाओं का लाभ सुचारू रूप से प्राप्त करे।



# जहाँ से अधिक शिकायतें आएं वहाँ विशेष फोकस कर करें समस्याओं का निराकरण

## अंतरविभागीय समन्वय बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश



**ग्वालियर, जीएनएस।** सीएम हैल्पलाइन पोर्टल पर जिस क्षेत्र से अधिक शिकायतें दर्ज हो रही हैं, संबंधित विभागीय अधिकारी उस क्षेत्र की शिकायतों का विश्लेषण कर अधिक शिकायत आने का कारण पता लगाएं। साथ ही उस क्षेत्र में विशेष फोकस कर जन समस्याओं का निराकरण करें, जिससे लोगों को सीएम हैल्पलाइन पर शिकायत करने की जरूरत न पड़े। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोजान सिंह रावत ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण की समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिक अवधि से लंबित सीएम हैल्पलाइन शिकायतों का विशेष गंभीरता के साथ निराकरण करने पर भी विशेष जोर दिया।

सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रावत ने सेवा-संकल्प अभियान एवं संबल पंजीयन व इससे संबंधित आवेदनों के निराकरण की भी समीक्षा की। साथ ही राज्य शासन द्वारा निर्धारित केपीआई (की पर्फोमेंस इंडीकेटर) के तहत विभागवार हितग्राहीमूलक योजनाओं की लक्ष्यपूर्ति की समीक्षा भी की। अपर कलेक्टर श्री सी बी प्रसाद व श्री अनिल बनवारिया ने सीएम हैल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज प्राइवेट बीएड महाविद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों की टीसी व मार्कशीट सहित अन्य दस्तावेज न दिए जाने संबंधित शिकायतों की सूची डाइट प्राचार्य से मांगी है। उन्होंने कहा कि इन सभी शिकायतों को गंभीरतापूर्वक निराकृत कर विद्यार्थियों को दस्तावेज दिलाए जायेंगे। जिले के विजन डॉक्यूमेंट से संबंधित जानकारी जिला योजना कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश भी बैठक में विभागीय अधिकारियों को दिए गए। साथ ही सांदीपनि स्कूल कुलैथ के बच्चों के लिये बस की व्यवस्था, मेला परिसर में प्रस्तावित स्वदेशी मेला तथा राज्य शासन के अन्य कार्यक्रमों की भी बैठक में समीक्षा की गई।

## 5 जुआरियों का हार-जीत दावं लगाते पकड़ा

**दतिया।** पुलिस अधीक्षक महोदय दतिया मयूर खण्डेलवाल व्दारा दिये गये निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय मंजीत चावला एवं एसडीओपी महोदया दिव्या राजावत अनुभाग सेवढा के कुशल मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी इंदरगढ थाना पुलिस 5 जुआरियों को हार-जीत का दांव लगाते हुये पकडा एवं आरोपीगणों के कब्जे से 10,400 रुपये व एक ताश की गड्डी जप्त की गई। विवरण- दिनांक 11.10.26 की दरम्यानी रात मुखबिर की सूचना पर आकाश की कोठी के केथ के पास मौजा खडौआ से दबिस देकर 5 जुआरियो को पकड़ा जिनसे प्रथक ङ्क प्रथक नाम पता पूछे तो पहले ने अपना नाम सुरेन्द्र पुत्र बुद्धसिंह कुशवाह उम्र 29 साल नि. खडौआ दूसरे ने अपना नाम ब्रजनन्दन पटवा पुत्र पातीराम पटवा उम्र 30 साल निवासी खडौआ तीसरे ने अपना नाम राधाकृष्ण पुत्र बनमाली कुशवाह उम्र 21 साल निवासी खडौआ चौथे ने अपना नाम बृजेश पुत्र हरप्रसाद कुशवाह उम्र 35 साल निवासी खडौआ एवं पांचवे ने अपना नाम राजेश पुत्र बुद्धसिंह कुशवाह उम्र 24 साल निवासी खडौआ का होना बताया। उनके कब्जे से कुल 10400 रुपये व एक ताश की गड्डी 52 पत्तो की जप्त की गई आरोपीगणों का कृत्य धारा 13 जआ एक्ट का पाया जाने से अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया । उक्त कार्यवाही में ङ्क निरी . गौरव शर्मा थाना प्रभारी इंदरगढ, सउनि नीरज विमय , प्रआर 632 राजेन्द्र कुशवाह, आर 764 भानुप्रताप दुबे, आर.919 रमाकान्त कुशवाह, आर.863मंजेश त्यागी , आर.412 लक्ष्मेन्द्र चौहान , आर 470 केशव रजक , सै.139 रामनिवास यादव , आर 722 प्रमोद गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।

# राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल 15 व 16 अक्टूबर को ग्वालियर प्रवास पर

**ग्वालियर, जीएनएस।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल 15 अक्टूबर को ग्वालियर के दो दिवसीय प्रवास पर पधारेंगे। ग्वालियर प्रवास के दौरान राज्यपाल श्री पटेल राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय एवं राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोहों में शामिल होंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल 15 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे वायु मार्ग से राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयर टर्मिनल महाराजपुरा पहुँचेंगे। यहाँ से व्हीआईपी सर्किट हाउस मुरार जायेंगे। राज्यपाल श्री पटेल इस दिन अपरान्ह 3.15 बजे कृषि महाविद्यालय में सेंट्रल प्रोसेसिंग लाइन का उदघाटन करेंगे। इसके बाद अपरान्ह 3.45 बजे राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में पहुँचकर विश्वविद्यालय के 12वे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के पश्चात व्हीआईपी सर्किट हाउस मुरार पहुँचकर विश्राम करेंगे। राज्यपाल श्री पटेल 16 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के 7वे दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे। यह दीक्षांत समारोह राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में शामिल होने के बाद राज्यपाल श्री पटेल दोपहर 1 बजे व्हीआईपी सर्किट हाउस मुरार पहुँचेंगे। राज्यपाल श्री पटेल दोपहर लगभग 2.05 बजे राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल से वायुमार्ग द्वारा भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

## दतिया पहुंचे अखिल भारतीय कोरी/कोली समाज के नवागत प्रदेश अध्यक्ष रघुवीर सिंह अतरोलिया, समाजजनों ने किया स्वागत

**दतिया, जीएनएस।** अखिल भारतीय कोरी/कोली समाज, नई दिल्ली के नवागत प्रदेश अध्यक्ष रघुवीर सिंह (रोनी) अतरोलिया अपने पदाधिकारियों के साथ दतिया पहुंचे। सीतासागर बायपास स्थित झलकारी बाई सामुदायिक भवन में समाजजनों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रदेश अध्यक्ष रघुवीर सिंह अतरोलिया ने वीरांगना झलकारी बाई के चित्र पर माल्यार्पण कर की। इसके बाद उन्होंने संत कबीर साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।



इस अवसर पर सेवानिवृत्त डीएसपी एवं समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष पीएल लोहरिया ने फूलमाला पहनाकर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। वहीं, कोरी समाज के जिला अध्यक्ष मोहन पटवा ने भी उनका अभिनंदन किया। इसके अलावा कल्याण सिंह पटवा, कमलेश वर्मा, राजेंद्र पटवा, शोभाराम पटवा, धनीराम शाक्य, शिवचरण शाक्य, मुरारीलाल शाक्य, मुरलीधर शाक्य, ब्रजेश शाक्य ,दिनेश वर्मा, आर जे वर्मा सहित अन्य समाजजनों ने फूलमाला पहनाकर उनका सम्मान किया।

इंदरगढ़ से पहुंचे कल्याण सिंह शाक्य ने श्रीफल भेंट कर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। वहीं, अखिल भारतीय कोरी समाज के दतिया के नवागत जिलाध्यक्ष रामश्री शाक्य एवं श्रीमती राजेश्वरी शाक्य ने भी माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य समाजजनों ने भी प्रदेश अध्यक्ष एवं उनके साथ आए पदाधिकारियों का स्वागत किया।

# श्री साईं बाबा समाधि दिवस पर आरती, साईं दरबार एवं प्रसादी वितरण 15 अक्टूबर को

**ग्वालियर, जीएनएस।** साईं श्रद्धा सबुरी सेवा दल समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री साईं बाबा का समाधि दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा।

समिति के अध्यक्ष संजय कठ्ठल ने बताया कि समस्त साईं भक्तों को ज्ञात होगा कि साईं बाबा जी ने 15 अक्टूबर 1918 को दोपहर 2ः30 बजे शिरडी (महाराष्ट्र) में समाधि ली थी। उन्हीं की पावन स्मृति में हर वर्ष समिति इस दिन को समाधि दिवस के रूप में मनाती है। इस वर्ष भी साईं श्रद्धा सबुरी सेवा दल समिति के



तत्वावधान में दिनांक 15 अक्टूबर 2026, गुरुवार को दोपहर 12 बजे से इंद्र गंज चौराहा, ग्वालियर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा।

कार्यक्रम में साईं बाबा की आरती, साईं बाबा का भव्य दरबार सजावट एवं प्रसादी वितरण होगा। दोपहर 2ः30 बजे मौन धारण किया जाएगा। समिति अध्यक्ष संजय कठ्ठल ने समस्त साईं भक्तों से निवेदन किया है कि उक्त कार्यक्रम में आकर श्री साईंनाथ महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त करें और तन-मन-धन से सहयोग कर पुण्य लाभ प्राप्त करें। इस अवसर पर साईं भक्त एवं समिति के पदाधिकारी राजेश जयसिंघानी, अमित कुकरेजा, नरेश बत्रा, रवि तलेगांव कर, हेमंत बाथम,केसी माखीजा,दुर्गेश पुरी, धीरज गोयल, मनोज रंजक सहित आदि लोग उपस्थित थे।

# जंतर-मंतर अब प्रदर्शन स्थल नहीं रहेगा गृह मंत्रालय ने तय की तीन नई जगहें

**नई दिल्ली, जीएनएस।** राजधानी में विरोध-प्रदर्शनों का केंद्र रहा जंतर-मंतर अब प्रदर्शन स्थल नहीं रहेगा। भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने इस संबंध में बड़ा फैसला लिया है। मंत्रालय ने नागरिकों के शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन के अधिकार को सुगम बनाने और मौजूदा निर्धारित स्थल के अलावा अन्य उपयुक्त स्थानों की पहचान के लिए एक समिति का गठन किया था। समिति की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने तीन नए स्थानों को प्रदर्शन के लिए तय कर दिया है।

गृह मंत्रालय के आदेश के अनुसार अब रामलीला मैदान, बुराड़ी मैदान और पूर्वी दिल्ली स्थित सीबी मैदान को आधिकारिक विरोध-प्रदर्शन स्थल घोषित किया गया है। इन तीनों जगहों पर प्रदर्शनकारियों के लिए मूलभूत सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। जंतर-मंतर पर लगातार किसी न किसी मुद्दे को लेकर प्रदर्शन होते रहते हैं। इससे संसद, सुप्रीम कोर्ट और आसपास के वीवीआईपी इलाके में सुरक्षा और यातायात को लेकर अक्सर चुनौतियां खड़ी होती थीं। स्थानीय निवासियों और कारोबारियों द्वारा भी ध्वनि प्रदूषण और जाम की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इसी को देखते हुए सरकार ने लंबे समय से वैकल्पिक स्थानों पर विचार शुरू किया था। सूत्रों के अनुसार नए तय किए गए तीनों मैदान खुले और बड़े हैं, जहां बड़ी संख्या में लोग जुट सकते हैं। इससे प्रदर्शन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना भी आसान होगा। गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस और संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया है कि नई व्यवस्था को जल्द लागू किया जाए और जंतर-मंतर पर किसी भी तरह के धरना-प्रदर्शन की अनुमति न दी जाए।

## जैन मेले में संस्कृति विभाग कराएगा मंचीय कार्यक्रम, मंत्री ने दिया आश्वासन

**फिरोजाबाद, जीएनएस।** श्री दिगंबर जैन प्राचीन मेला महोत्सव को भव्य बनाने के लिए समिति ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में मेला समिति के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष मनोज मित्तल जैन के नेतृत्व में सिरसागंज स्थित कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह के आवास पर उनसे मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को मेले में आने का निमंत्रण दिया और आयोजन में सहयोग मांगा। समिति के मीडिया प्रभारी कुलदीप मित्तल एडवोकेट ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को मेले की धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता से अवगत कराया। इस पर मंत्री ने मेले में आने के साथ प्रशासनिक व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने और संस्कृति विभाग के माध्यम से मंचीय कार्यक्रम आयोजित कराने का आश्वासन दिया।

# 33,840 श्रमिकों को रोजगार देने का लक्ष्य, डीएम ने किया निरीक्षण

**फिरोजाबाद, जीएनएस।** जिले में 33,840 श्रमिकों को रोजगार से जोड़ने के लक्ष्य के साथ सोमवार को विशेष रोजगार सृजन दिवस मनाया गया। इस दौरान जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने टूंडला विकास खंड की ग्राम पंचायत गढ़ी जाफर पहुंचकर विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मजदूरों से बातचीत कर रोजगार की उपलब्धता और कार्यस्थल पर मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली।



कार्यक्रम में ग्रामीणों को रोजगार और आजीविका से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई। डीएम ने कहा कि निर्धारित लक्ष्य को समय से पूरा करने के लिए संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान जिले के सभी विकास खंडों में चलाया जा रहा है।

योजना के तहत ग्रामीण परिवारों को साल में 100 से 125 दिन तक रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान है। मजदूरी का समय से भुगतान सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल निगरानी की व्यवस्था की गई है। इसके तहत न्यूनतम 300 रुपये प्रतिदिन मजदूरी निर्धारित होने की जानकारी भी दी गई। काम उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में नियमानुसार बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से अफसाना और संजय खां को मिला पक्का मकान

# खुशियों की दास्तां: ग्राम सपाड़ की दंपत्ति को शासकीय योजनाओं ने दिया सम्मानजनक जीवन

**भिण्ड, जीएनएस।** भिण्ड जिले के ग्राम सपाड़ निवासी अफसाना और संजय खां के जीवन में विभिन्न शासकीय योजनाओं ने आत्मसम्मान और स्वाभिमान के रंग भर दिए हैं, जिनसे इनका जीवन आसान और सुरक्षित हो गया है।

संजय खां बताते हैं कि पहले कच्ची मढ़िया में बेहद कठिनाइयों से जीवन यापन करते थे, जो बरसात में टपकती थी। प्रधानमंत्री आवास योजना उनके लिए वरदान बनी। योजना के तहत वर्ष 2024-25 में उन्हें पक्का आवास बनाने के लिए 1 लाख 20 हजार रुपए की सहायता राशि और 90 दिन की मजदूरी स्वीकृत हुई। आज उनका अपना पक्का मकान है, जिसमें उनका परिवार सुरक्षित निवास करता है। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय निर्माण के लिए उन्हें 12 हजार रुपए की भी सहायता मिली। घर के आंगन में बने शौचालय से विशेषकर अफसाना और संतानों को सुविधा मिली और खुले में शौच की मजबूरी और असुरक्षा खत्म हुई।



परिवार को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत प्रति व्यक्ति 5 किलो निशुल्क अनाज प्रतिमाह मिल रहा है, जिससे उनके परिवार की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

अफसाना खां के जीवन में शासकीय योजनाएं सशक्तिकरण और स्वाभिमान की नई रोशनी लाई हैं। वे कहती हैं कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत निशुल्क गैस कनेक्शन और सब्सिडी वाले सिलेंडर मिलने से अब उन्हें धुएं से मुक्ति मिली है और रसोई का काम आसान हो गया है। पहले चूल्हे में खाना पकाने में हाथ भी जल जाते थे, लेकिन अब गैस पर स्वादिष्ट खाना पका पाती हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत प्रतिमाह 1500 रुपए मिलने से अफसाना आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं और संतानों की छोटी-छोटी जरूरतें खुद पूरी कर पा रही हैं।

संजय मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, लेकिन अब शासन की इन कल्याणकारी योजनाओं के सहारे उनका परिवार आत्मनिर्भर बना है। संजय और अफसाना कहते हैं कि शासकीय योजनाओं ने उनका जीवन खुशहाल बनाया है। वे इस सकारात्मक परिवर्तन के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।



# रायपुरा एवं सोई में साथिया प्रशिक्षण आयोजित

**श्योपुर, जीएनएस।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत एनएचएम भोपाल से राज्य सलाहकार श्री साकेत शुक्ला एवं श्री पुष्कर उपाध्याय ने श्योपुर जिले का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान रायपुरा पंचायत भवन में आयोजित साथिया प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं एवं संबंधित साथियों से किशोर स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं तथा जागरूकता गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम के तहत प्रत्येक गांव में आशा कार्यकर्ताओं के सहयोग से साथिया का चयन किया गया है। साथिया किशोर-किशोरियों को जीवन कौशल एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करेंगे। यह गतिविधि प्रत्येक माह रविवार को आयोजित की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि इस कार्यक्रम की मातृ एवं शिशु मृत्यु दर तथा सकल प्रजनन दर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इसके पश्चात सोईकलां सब-सेंटर पर प्रशिक्षित साथियों से किशोर स्वास्थ्य विषय पर प्रश्न-उत्तर किए गए तथा कार्यक्रम के क्रियान्वयन की जानकारी ली गई। अधिकारियों ने किशोर स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाने और किशोरों में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर आरकेएस के नोडल अधिकारी डॉ. के.एल. पचोरिया, स्वास्थ्य विभाग के मीडिया अधिकारी श्री आर.बी. शाक्य, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. हेमंत रावत, जिला सलाहकार आरकेएसके श्री अमित श्रीवास, दक्ष फाउंडेशन के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**श्योपुर, जीएनएस।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आज जिला चिकित्सालय श्योपुर में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

सिविल सर्जन-सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एस. एन. बिंदल के निर्देशन में आयोजित मानसिक स्वास्थ्य शिविर में मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. माखन शाक्य एवं डॉ. अरशद अयूब तथा चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनीता मालवीय द्वारा मरीजों की जाँच, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का आकलन एवं आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। इस दौरान नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती ईवा रोजलीन, सहायक स्टाफ श्री रवि शर्मा सहित जिला चिकित्सालय का अन्य



स्टाफ उपस्थित रहा।

शिविर में लगभग 84 मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मरीजों की पहचान एवं जाँच की गई। मरीजों की स्थिति के अनुसार उन्हें चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया तथा आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया।

सिविल सर्जन-सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एस. एन. बिंदल ने आमजन से अपील की कि मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। मानसिक परेशानी होने पर संकोच न करें और समय पर चिकित्सकीय परामर्श लें। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, जरूरतमंद व्यक्तियों को उपचार उपलब्ध कराना तथा उनके प्रति संवेदनशीलता, सम्मान और सकारात्मक व्यवहार रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. माखन शाक्य ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य का प्रभाव व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता, भावनाओं, व्यवहार, पारिवारिक संबंधों, कार्यक्षमता तथा सामाजिक जीवन पर पड़ता है। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ किसी भी आयु वर्ग के व्यक्ति को प्रभावित कर सकती हैं और इनका समय पर निदान एवं उपचार अत्यंत महत्वपूर्ण है। समय पर पहचान और नियमित उपचार से सुधार संभव है। लगातार उदासी, अत्यधिक चिंता, नींद या भूख में बदलाव, सामाजिक गतिविधियों से दूरी, व्यवहार में असामान्य परिवर्तन अथवा स्वयं को नुकसान पहुँचाने के विचार जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसी स्थिति में मनोरोग विशेषज्ञ की सहायता लेना आवश्यक है।

# जरूरतमंद विद्यार्थियों को सामग्री वितरण

**श्योपुर, जीएनएस।** जन अभियान परिषद जिला श्योपुर की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह एवं ब्लॉक समन्वयक श्रीमती नीतू सिंह गौतम के निर्देशन पर विजयपुर ब्लॉक की नवांकुर संस्था सुमन युवा शक्ति ग्राम समिति बलावनी द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय बंजारों का सहराना में जरूरतमंद विद्यार्थियों को आवश्यक सामग्री जैसे पेन, कोपी, पहाड़ा, किताब आदि का वितरण किया गया एवं बच्चों को साफ सफाई एवं नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर स्कूल की अध्यापिका श्रीमती टीना राव, अतिथि शिक्षिका शिमला बंजारा, नवांकुर समिति के सचिव श्री रामलखन सुमन, मेंटर श्री बबलूसिंह नायक उपस्थित रहे। इसी प्रकार नवांकुर संस्था कोशिकी सोशल वेलफेयर एनवायरमेंट सोसायटी एंड सोसायटी गसवानी द्वारा शासकीय मा.वि.विद्यालय गसवानी में जरूरतमंद विद्यार्थियों को आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया एवं बच्चों को साफ सफाई एवं नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधान अध्यापक श्री जगदीश प्रसाद वर्मा, श्री बनवारी लाल वर्मा, अतिथि शिक्षक श्री रामवरण यादव, राधा यादव, श्रीमती उमा समाधिया, श्री इंदर सिंह धाकड, पीटीए शिक्षकों श्री ललित रावत, सहसराम के पूर्व सरपंच श्री कल्याण सिंह, बीजेपी अनुसूचित जाति के उपाध्यक्ष श्री संजय सिंह अनन्त तथा प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष श्री लक्ष्मण आदिवासी, मेंटर श्री राकेश जाटव तथा स्कूल के छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

# भव्य सांस्कृतिक संध्या उल्लास : एक अभिनव प्रयोग का समापन समारोह आयोजित

**श्योपुर, जीएनएस।** माननीय मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर द्वारा 1 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक आयोजित उल्लासः एक अभिनव प्रयोग का भव्य सांस्कृतिक संध्या एवं समापन समारोह निषादराज भवन, जिला पंचायत परिसर में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के उपलक्ष्य में किया गया था।

इस अनूठे और गरिमामयी कार्यक्रम की सबसे प्रमुख विशेषता यह रही कि इसमें न्यायालय के माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष माननीय विशेष न्यायाधीश अन्य सम्मानित न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण तथा कर्मचारीगण ने एक साथ मिलकर सहभागिता की।

कार्यक्रम की शुरुआत माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्री बीएल प्रजापति एवं मंच पर आसीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके पश्चात राष्ट्रगीत वंदे मातरम का वादन किया गया।

ज़िला विधिक सहायता अधिकारी सुश्री अंकिता शांडिल्य द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत



की गई। कार्यक्रम का संचालन सिविल जज (जूनियर डिविजन) सुश्री भव्या गुप्ता एवं उपाध्यक्ष अधिवक्ता संघ श्री राकेश सिंह जाट द्वारा किया गया।

समारोह के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, वाद्ययंत्र प्रतियोगिता, एकल नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के पश्चात गत 1 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे क्विज, कैरम, शतरंज, बैडमिंटन एवं सांस्कृतिक संध्या दौरान प्रतियोगिताओं में विजेताओं को अतिथियों द्वारा शील्ड एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

**अतिथियों के विचार एवं मार्गदर्शन**

पुरस्कार वितरण के उपरांत उपस्थित अतिथियों ने अपने विचार साझा किए और सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री बीएल प्रजापति ने अपने मुख्य संबोधन में कार्यक्रम की सफलता और सभी के सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके अलावा विशेष न्यायाधीश श्री सुशील कुमार, जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष श्री ओ.पी. गुप्ता, यूनियन बैंक के प्रबंधक श्री सतीश चंद्र नागर तथा अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समारोह का समापन - कार्यक्रम के अंत में सचिव ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती वर्षा सूर्यवंशी मजूमदार द्वारा सभी अतिथियों, अधिकारियों, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### निगमायुक्त ने क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक-6 सहित कई क्षेत्रों का किया निरीक्षण, रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक कर सड़क निर्माण की बाधा दूर करने के निर्देश

# महलगांव में बनेगा नया नाला, आठ दिन में होगा सीवर सड़क का पेचवर्क

**ग्वालियर जीएनएस**

नगर निगम आयुक्त अभिषेक चौधरी ने सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर विकास कार्यों और नागरिक सुविधाओं की स्थिति देखी। महलगांव में जलभराव की समस्या दूर करने के लिए नया नाला बनाने के निर्देश दिए। वहीं, रवि नगर में सीवर लाइन डालने के बाद सड़क का पेचवर्क नहीं किए जाने पर ठेकेदार को फटकार लगाते हुए आठ दिन में काम पूरा करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने सबसे पहले क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक-6 का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने कर संग्रहकों से संपत्ति कर वसूली की जानकारी ली और निर्धारित लक्ष्य पूरा करने के लिए वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके बाद जनमित्र केंद्र का निरीक्षण कर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश भी दिए।

**रेलवे की एनओसी से अटका सड़क निर्माण :** निगमायुक्त ने लक्ष्मीबाई कॉलोनी में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और इसे बेहतर बनाने के



निर्देश दिए। यहां चल रहे सीवर कार्य का भी निरीक्षण किया। पार्षद विवेक त्रिपाठी ने ज्वाला का पुरा के पास निर्माणाधीन कॉलोनी तक सड़क नहीं होने की समस्या बताई। अपर आयुक्त प्रदीप तोमर ने बताया कि सड़क निर्माण में रेलवे की जमीन का कुछ हिस्सा आ रहा है। रेलवे से अलग-अलग हिस्सों में अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के कारण काम प्रभावित हो रहा है। इस पर निगमायुक्त ने रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक कर समन्वय बनाने और समस्या का समाधान निकालने के निर्देश दिए।

**सड़क पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश :** रवि नगर में सीवर लाइन डालने के बाद सड़क की मरम्मत नहीं होने की शिकायत पर निगमायुक्त ने ठेकेदार को फोन कर फटकार लगाई और आठ दिन में पेचवर्क पूरा करने को कहा। महलगांव में निरीक्षण के दौरान जलभराव की समस्या सामने आने पर नया नाला बनाने के निर्देश दिए। वहीं, मुख्य मार्ग पर गुमटी रखकर नाश्ते की दुकान संचालित करने और सड़क पर अतिक्रमण की शिकायत पर संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी को दुकान हटवाकर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पार्षद विवेक त्रिपाठी, अपर आयुक्त प्रदीप तोमर, उपायुक्त उत्तम जखेनिया, अधीक्षण यंत्री सुरेश अहिरवार, कार्यपालन यंत्री शिशिर श्रीवास्तव, सहायक यंत्री रामसेवक शाक्य, रामबाबू दिनकर, राजेश परिहार, क्षेत्राधिकारी आशीष राजपूत और स्वास्थ्य अधिकारी अजय सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### 20 को सर्वसुविधायुक्त हॉल का होगा शुभारंभ, 3 हजार सदस्य और 12 हजार पारिवारिक सदस्य जुड़े

# जीवाजी क्लब में दो साल में पांच करोड़ के विकास कार्य

**ग्वालियर जीएनएस**

शहर के प्रतिष्ठित जीवाजी क्लब में पिछले दो वर्षों में करीब पांच करोड़ रुपए के विकास कार्य कराए गए हैं। क्लब अध्यक्ष राजेंद्र सेठ और सचिव संजय वर्मा ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि क्लब में सुविधाओं का विस्तार करने के साथ पुरानी इमारत और ऐतिहासिक हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार भी कराया गया है।

सचिव संजय वर्मा ने बताया कि 20 अक्टूबर को क्लब में सर्वसुविधायुक्त हॉल का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त न्यायाधीश जितेंद्र



माहेश्वरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में क्लब के करीब तीन हजार सदस्य हैं, जबकि पारिवारिक सदस्यों की संख्या 12 हजार तक पहुंच गई है।

**पुरानी इमारत और मंदिर का जीर्णोद्धार :** क्लब प्रबंधन ने 26 वर्ष पुरानी इमारत में सुधार कार्य कराए हैं। वहीं, क्लब से भी पुराने दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया है। सदस्यों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दो अलग-अलग कैंटीन और रसोई बनाई गई हैं, जहां शाकाहारी और मांसाहारी भोजन की व्यवस्था अलग-अलग रखी गई है।

**200 वाहनों की पार्किंग व्यवस्था :** क्लब में आने वाले सदस्यों और मेहमानों की सुविधा के लिए करीब 200 वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की गई है। वर्मा ने बताया कि क्लब प्रबंधन की भविष्य की योजना बड़ी जगह लेकर सर्वसुविधायुक्त क्लब विकसित करने की है। क्लब में कराए गए कार्यों के लिए करीब छह माह पहले एक्सीलेंस अवार्ड भी मिला था। प्रबंधन का कहना है कि सुविधाओं के विस्तार के साथ क्लब को नए आयाम देने के प्रयास जारी रहेंगे।

# एमएलबी कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव, अगले चरण के लिए 50 विद्यार्थी चयनित



*आईसीआईसीआई बैंक में सेल्स रिलेशनशिप मैनेजर पद के लिए हुआ साक्षात्कार, 130 विद्यार्थियों ने कराया पंजीयन*

**ग्वालियर जीएनएस**

महारानी लक्ष्मीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में मंगलवार को स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के तहत आईसीआईसीआई बैंक के लिए प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गई। इसमें 130 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया। साक्षात्कार के बाद अगले चरण के लिए 50 विद्यार्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश कुमार अग्रवाल के संरक्षण में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव का उद्घाटन परीक्षा नियंत्रक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार गुप्ता ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थी विभिन्न संस्थानों और कंपनियों में सेवाएं देने के लिए पर्याप्त योग्य हैं।

स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. रवि शंकर पाठक ने प्लेसमेंट ड्राइव की रूपरेखा प्रस्तुत की। आईसीआईसीआई बैंक में सेल्स रिलेशनशिप मैनेजर पद के लिए एनआईआईटी की ओर से विद्यार्थियों के साक्षात्कार लिए गए।

कार्यक्रम में डॉ. मल्लिका गौर सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ. अभिनव उपाध्याय ने किया, जबकि डॉ. ज्योति शुक्ला ने आभार व्यक्त किया।

# ढालसिंह बिसेन उत्तराखंड के राज्यपाल नियुक्त, मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**भोपाल जीएनएस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ नेता ढालसिंह बिसेन को उत्तराखंड का राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा बिसेन को राज्यपाल नियुक्त किया

**छह राज्यों में नए राज्यपालों की नियुक्ति पर डॉ. यादव ने दी शुभकामनाएं**

जाना हर्ष का विषय है। उन्हें विश्वास है कि बिसेन के लंबे सार्वजनिक जीवन के अनुभव का लाभ उत्तराखंड की प्रगति और विकास को मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अन्य राज्यों में नियुक्त राज्यपालों को भी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने छह राज्यों में नए राज्यपाल नियुक्त किए हैं। इनमें ढालसिंह बिसेन को उत्तराखंड, ओम प्रकाश माथुर को केरलम, राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को तमिलनाडु, ब्रज मोहन राम को ओडिशा, डॉ. सुधा यादव को कर्नाटक और दुष्यंत गौतम को सिक्किम का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

### महाराज अरुणादित्य ने दतिया की प्राचीन रामलीला के इतिहास पर डाला प्रकाश, माधवेंद्र सिंह परिहार ने परंपरा को पुनर्जीवित करने पर दिया जोर

# दीप प्रज्ज्वलन और आरती के साथ श्रीरामलीला मंचन का शुभारंभ

**दतिया जीएनएस**

किला चौक पर श्रीरामलीला आयोजन समिति की ओर से आयोजित रामलीला मंचन का शुभारंभ मुख्य संरक्षक महाराज अरुणादित्य ने दीप प्रज्वलित कर भगवान शिव और श्रीरामचरित मानस की आरती के साथ किया। इस अवसर पर सिंधी समाज के गणमान्यजन, समिति के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

समिति के संरक्षक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष माधवेंद्र सिंह परिहार, श्याम सुंदर सिंह, धरमू मुखिया, जगदीश सचदेवा, महेश गुलवानी, कृष्ण भमबानी और आनंद शर्मा सहित अन्य लोगों ने आरती में सहभागिता की। समिति अध्यक्ष मोहन अग्रवाल, कार्यवाहक अध्यक्ष दीपक सचदेवा, कोषाध्यक्ष कपिल श्रीवास्तव, मंच संयोजक लवी बाजवा, नीरज गुगोरिया, पार्षद रिंकू दुबे, रवि ठाकुर, विकास जड़िया और राजेंद्र पटवा सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।



**प्राचीन रामलीला की परंपरा को आगे बढ़ाने पर जोर :** मुख्य अतिथि महाराज अरुणादित्य ने अपने संबोधन में दतिया की प्राचीन रामलीला की परंपरा और उसके ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने रामलीला की धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता बताई। भाजपा जिलाध्यक्ष माधवेंद्र सिंह परिहार ने दतिया की प्राचीन रामलीला परंपरा को पुनर्जीवित कर आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि श्याम सुंदर सिंह पारीछा ने भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया।

**पहले दिन नारद मोह लीला का मंचन :** रामलीला के प्रथम दिवस बलवंत मंडल ने नारद मोह लीला का मंचन किया। धार्मिक प्रसंग के माध्यम से भगवान की लीला और भक्ति के महत्व को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विष्णु त्रिपाठी ने किया, जबकि आभार कार्यवाहक अध्यक्ष दीपक सचदेवा ने व्यक्त किया। आयोजन में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक सहभागिता का संगम देखने को मिला।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक रामकिशन तायल 'फौजी' ने श्रमसाधना प्रिन्टर्स, भगवती निवास पारखजी का बाड़ा दौलतगंज, ग्वालियर से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : महेश तायल समाचार चयन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत अधिकृत
e.mail- Shramsadhnagwl@gmail.com ph. 0751-2625029, 98270 17078, 9425007142 समाचार पत्र में प्रकाशित सभी आलेखों में लेखकों के अपने विचार हैं। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ग्वालियर होगा।